उर्दू-हिन्दी परिचय कोश

सीताराम शास्त्री

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा

उर्दू - हिन्दी परिचय कोश

लेखक/सम्पादक
सीताराम शास्त्री

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा

प्रथम संस्करण : 1974

द्वितीय संशोधित संस्करण : 2003

मूल्य : रु० 100.00

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, हिन्दी संस्थान मार्ग, आगरा-282005 द्वारा प्रकाशित और मैसर्स राजभारती प्रेस, जौहरी बाजार, आगरा से मुद्रित

प्रथम संस्करण का आमुख

हिन्दी भाषा के पिछले सात-आठ सौ वर्ष के विकास क्रम में संस्कृत को छोड़कर जिन अन्य भाषाओं ने उसकी शब्द सम्पत्ति बढ़ाने में योग दिया है। उनमें तुर्की, अरबी, पश्तो और फ़ारसी का सबसे अधिक महत्व है। इन भाषाओं में भी फ़ारसी का योगदान अपेक्षाकृत अधिक रहा है, क्योंकि पिछली कई शताब्दियों तक फ़ारसी राजभाषा के रूप में प्रयुक्त होती रही – न केवल केन्द्रीय शासन में, जो इस्लाम धर्म के मानने वालों के हाथ में रहा, बल्कि हिन्दू राजाओं के शासनों में भी इस्लामी संस्कृति जिसमें मजहबी रंग और मज़हब की कट्टरता के मधुर विरोध के रूप में सांसारिक भोग-विलास का व्यंजनामूलक सूफ़ियाना रंग, दोनों शामिल हैं, भारतीय जीवन को सर्वांगीण रूप में कितना प्रभावित करता रहा है इसका अभी सही रूप में लेखा-जोखा नहीं हो पाया है। इसकी अत्यंत प्रामाणिक सामग्री हिन्दी भाषा का वैज्ञानिक और पूर्वाग्रह रहित विश्लेषण करने पर ही मिल सकती है। हिन्दी भाषा के सामान्य व्यवहार से लेकर उसके उच्चतम साहित्य तक किस मात्रा में तुर्की, अरबी और फ़ारसी शब्दों का प्रयोग होता रहा है इसके विषय में विशाल हिन्दी भाषी समाज के भिन्न-भिन्न स्तरों, वर्गों और सन्दर्भों को देखना होगा। एक ही भाषा के दो भिन्न-भिन्न रूप एक दूसरे से अपने सर्वोच्च स्तरों पर इतने भिन्न दिखायी देते हैं कि उन्हें यदि एक ही भाषा की दो शैलियाँ कहें तो अधिकतर लोगों को यह स्वीकार नहीं होगा। संस्कृति, जीवन पद्धति, विचारधारा और परम्परा की दृष्टि से यह अलगाव इतना स्पष्ट दिखाई देता है कि भले ही भाषा का नया नामकरण उर्दू दो/ढाई सौ वर्ष से अधिक पुराना न हो तो भी अब उसे किसी प्रकार नकारा नहीं जा सकता। लिपि की भिन्नता इस अलगाव का सबसे बड़ा आधार है, यद्यपि यह सभी जानते हैं कि लिपि किसी भाषा का बाहरी आवरण ही होता है। आखिर वेश-भूषा और पहनने-ओढ़ने के ढंग से ही तो सबसे पहले अलग-अलग वर्गों की अलग-अलग पहचान होती है। दुर्भाग्य से कहें या सौभाग्य से, हिन्दी और उर्दू के सांस्कृतिक और साहित्यिक अलगाव को भारतीय संविधान ने भी भाषाओं के अनुसूचन में प्रामाणिकता दी है। वास्तव में यह प्रामाणिकता न देना उचित भी न होता।

फिर भी यह तथ्य अपनी जगह अकाट्य है कि हिन्दी भाषियों की रोजमर्रा की बोलचाल में ही नहीं, देवनागरी में लिखे हुए उनके सदियों के साहित्य में ऐसे शब्दों की विपुल संख्या है जिन्हें उर्दू के

शब्द कहा जाता है । हिन्दी की पुरानी पीढ़ी के कुछ साहित्यकार अब भी हैं जो इन शब्दों को उनका तथाकथित हिन्दीकरण करके ही सहने को तैयार होते हैं । परन्तु भाषा को नागरता और आधुनिकता की ओर सहज रूप में विकसित करने के समर्थक, जिनकी संख्या अब स्वतंत्रता के युग में इतनी तेजी से बढ़ रही है कि भाषा-विकास में साम्प्रदायिक और संकीर्ण दृष्टिकोण के बाधक होने की संभावनाएँ क्षीण होती जा रहीं हैं ।

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान में हिन्दी भाषा के प्रति हर प्रकार की साम्प्रदायिक, क्षेत्रीय, भाषिक, आदि संकीर्णताओं से सर्वथा मुक्त ऐसा व्यापक और आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने का यत्न किया गया है कि जिससे हिन्दी भाषा को सच्चा अखिल भारतीय रूप प्राप्त हो सके और उस पर सभी वर्गों, सभी धर्मों के अनुयायियों को उसमें अपनापन सहज रूप में प्राप्त होने की संभावनाएँ उत्तरोत्तर खुलती जाएँ । कोई भाषा कृत्रिम रूप में नहीं गढ़ी जा सकती । अन्य भाषाओं के शब्द की न तो प्रयत्नपूर्वक ठूंस-ठांस करने से भाषा को व्यापक रूप दिया जा सकता है, और न उसमें प्रचलित शब्दों को, चाहे वे किसी स्तर पर अथवा किसी सन्दर्भ में प्रयुक्त होते हों, निकालने से अथवा उसके विकास के सदियों से इस्तेमाल में आते हुए किसी द्वार को बन्द कर देने से उसका अपमान निखर सकता है । इसीलिए जहाँ केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के एक छोटे से परन्तु भाषायी दृष्टि से अत्यन्त शक्तिशाली समाज में सहज रूप में खप सकने वाली भिन्न-भिन्न भाषाओं के शब्दों को प्रयोग में लाने की परंपरा बढ़ती चली जा रही है, वहाँ यह भी देखने का प्रयत्न भिन्न-भिन्न अनुसंधान योजनाओं के द्वारा किया जाता रहा है कि हिन्दी और अन्य भाषाओं में शब्द सम्पत्ति की कैसी एकता, समरूपता, अर्थ-समता और समानता है । यहाँ एक परियोजना इस प्रकार की भी हाथ में ली गयी है जिससे यह उजागर किया जा सके कि हिन्दी और उर्दू में ध्वनि-व्यवस्था, रूप-व्यवस्था, वाक्य-विन्यास और शब्दार्थ में कैसी निकटता और समानता है । यह परियोजना बहुत बड़ी है। और इसे कई स्तरों पर पूर्ण किये जाने की योजना है । यह परियोजना संस्थान के एक प्राध्यापक श्री सीताराम शास्त्री को सौंपी गयी है । श्री सीताराम शास्त्री आंध्र प्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र में जन्मे, उनकी शिक्षा-दीक्षा आर्य समाज के परिवेश में हुई और हिन्दी की उच्च शिक्षा उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्राप्त की । उनके दृष्टिकोण में समग्रता का संतुलित रूप और अधिक विकसित करने का यत्न किया गया है और उन्होंने बड़ी निष्ठा के साथ इस काम को अपने हाथ में लिया ।

संस्थान के द्वारा इस परियोजना को हाथ में लेने के संदर्भ में एक और दिलचस्प बात यह है कि डॉ० बेजवाड़ा गोपाल रेड्डी ने, जब वे उत्तर प्रदेश के राज्यपाल थे, इस परियोजना को आगे बढ़ाने में

न केवल प्रेरणा दी बल्कि अपनी व्यक्तिगत रुचि और हिन्दी उर्दू को एक मंच पर लाने की अपनी इच्छा प्रकट करते हुए हमसे कहा कि हम हिन्दी जानने वालों के लिए ऐसी सामग्री तैयार करें जिससे उनको साधारण बातचीत से लेकर महफिलों और मुशायरों में सहज रूप में बैठकर आनन्द लेने में सहायता मिल सके। डॉ० रेड्डी के हम अत्यन्त कृतज्ञ हैं कि उनके सुझाव और कई बार किये गये तक़ाज़ों के फलस्वरूप इस कार्य को श्री सीताराम जी के द्वारा उर्दू-हिन्दी परिचय कोश के प्रथम चरण के रूप में पूरा कर सके।

इस परियोजना के आरंभिक रूप को एक बार संस्थान में पधारने पर भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री प्रो० सैय्यद नूरूल हसन ने भी देखकर सराहा था और इनके प्रति अपनी गहरी रुचि प्रकट की थी। इसलिए उन्हें भी इस सम्बन्ध में कृतज्ञतापूर्वक स्मरण कर लेना जरूरी समझता हूँ।

केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मण्डल के वर्तमान अध्यक्ष श्री मोटूरि सत्यनारायण जी भी, जो भारतीय संविधान की 351 वीं धारा के, आरम्भ से ही न केवल समर्थक रहे हैं बल्कि उनके आधार पर हिन्दी के विकास के लिये निरन्तर चिंतित और प्रयत्नशील रहे हैं, इस परियोजना के प्रकाशन के बारे में बराबर पूछ-ताछ करते रहे हैं और उसे आगे बढ़ाने की जोरदार अपील करते रहे हैं उन्हें धन्यवाद देना बहुत छोटी बात होगी संस्थान की सभी परियोजनायें उन्हीं की हैं।

हम जानते हैं कि इस छोटे से प्रयास में अनेक ऐसी बातें होंगी जिनके विषय में मतभेद हो सकता है इसमें कुछ त्रुटियाँ भी निकाली जा सकती हैं परन्तु उनके विषय में हम यही कह सकते हैं कि मनुष्य के सभी प्रयास सदा संशोधन और सुधार की अपेक्षा रखते हैं। उन विद्वानों के हम कृतज्ञ होंगे जो इसे सहानुभूति से देखकर यदि वे इसकी तैयारी के मूल दृष्टिकोण से सहमत हों तो इसकी कमियों और इसकी ग़लतियों की ओर ध्यान दिलाने की कृपा करेंगे।

श्री सीताराम शास्त्री ने यह परियोजना अपने व्यक्तिगत अनुसंधान कार्य के रूप में हाथ में ली है। इन्होंने हमसे संस्थान के लिए अपने सहयोगियों से सलाह मशविरा के रूप में जो मदद ली है वह भी व्यक्तिगत रूप में ही ली है उन्होंने इस कार्य को जिस लगन और मेहनत के साथ किया है और अब भी कर रहे हैं उसके लिए मैं उन्हें साधुवाद देता हूँ।

व्रजेश्वर वर्मा
निदेशक

आमुख

उर्दू एक भारतीय भाषा है इस धारणा के बावजूद यह तथ्य असंदिग्ध है कि हिंदी ध्वनि व्यवस्था से उर्दू व्यवस्था अन्य भारतीय भाषाओं की अपेक्षा काफी दूर है। वैसे इस पुस्तक का ध्येय हिन्दी-उर्दू व्यवस्था की तुलना करना है भी नहीं। फिर भी यह तो मानना ही होगा कि हिन्दी की ध्वनि व्यवस्था मूलतः संस्कृत ध्वनि व्यवस्था से प्रभावित है तो उर्दू की ध्वनि व्यवस्था अरबी-फारसी की ध्वनि व्यवस्था से प्रभावित है। इस विशिष्ट ध्वनि व्यवस्था से युक्त उर्दू के शब्द हिन्दी के व्यवहार में आकर अनेक रूपों में परिवर्तित हुए हैं।

भाषा शास्त्रियों का मत है कि उर्दू हिन्दी की एक विशिष्ट शैली है क्योंकि दोनों का व्याकरण एक है। इस एकता के बावजूद उर्दू की जो विशिष्टता है, वह उसके शब्द या पदभंडार में निहित है। इस शब्द समृद्धि के लिए उर्दू सदा से विदेशी शब्द संपदा को स्रोत मानती रही है। इन विभिन्न स्रोतों से अनेक प्रकार के शब्द वर्गों को स्वीकार कर उन्हें हिंदी व्याकरण के अनुसार प्रयोग करना ही उर्दू का अपना अस्तित्व रहा है। जो हो, आज उर्दू का सामाजिक, साहित्यिक तथा सांविधानिक दृष्टि से अपना अलग अस्तित्व है।

स्व. डॉ. सीताराम शास्त्री के 1974 में प्रकाशित इस परियोजना कार्य का उद्देश्य प्रमुखतः बोलचाल की हिंदी में आए हुए अरबी फारसी आदि (उर्दू) शब्दों का विस्तृत संकलन और उनका परिचय देना मात्र है। इसके लिए लेखन ने हिंदी भाषा से संकलित उर्दू शब्दों को ध्वनि व्यवस्था अथवा उच्चारण विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला है, पद व्यवस्था अर्थात् शब्द प्रत्यय, उपवर्ग आदि की विविधता की चर्चा की है, अर्थ के वैविध्य का विस्तार बताते हुए हिन्दी के पर्यायों का निर्णय किया है, शब्दों का स्रोत बताया है, देवनागरी और फारसी लिपि में शब्द के मूल और परिवर्तित वर्तनी एवं उच्चारण में अन्तर को प्रदर्शित किया है। प्रविष्टियों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया गया है कि शिक्षित हिंदी भाषा-भाषी व्यक्ति सहज रूप से उर्दू के सामान्यतया कौन-कौन से और कितने शब्दों का प्रयोग करता है और इस प्रयोग का व्यावहारिक, भाषायी और सांस्कृतिक महत्व क्या है।

यह परिचयात्मक संकलन 2300 शब्दों का है पर यह उर्दू-हिंदी कोश नहीं है। इसका लक्ष्य हिन्दी में प्रचलित समस्त उर्दू शब्दों की सूची तैयार करना है और वे शिक्षित हिन्दी भाषा-भाषी जिन्होंने औपचारिक रूप से उर्दू की शिक्षा न ली हो वही इसकी सीमा में आते हैं। इनकी बोलचाल या व्यवहार की हिंदी ही उर्दू शब्द-संकलन का क्षेत्र है। इस व्यवहारिक सीमा में लिखित भाषा सम्मिलित नहीं है और व्यवहार में अधिक से अधिक और सहज रूप में व्यवहृत शब्द ही लिख गए हैं।

जैसाकि प्रथम संस्करण की भूमिका में इस योजना को तीन स्तरीय बताया गया है प्रथम स्तर उर्दू-हिंदी परिचय कोश, द्वितीय स्तर उर्दू हिंदी प्रयोगकोश और तृतीय स्तर उच्च स्तरीय कोश। खेद है कि दो स्तर तक ही कार्य हो पाया है फिर भी उक्त कार्य भाषाई सौमनस्य और भावात्मक एवं सांस्कृतिक एकता बढ़ाने में सहायक होगा ऐसी मेरी कामना है।

शुभकामनाओं सहित।

नि. न. पाण्डेय

(नित्यानंद पाण्डेय)
निदेशक

अनुक्रम

अकारादिक्रम :

भूमिका

1.0 कार्य का परिचय

प्रस्तुत कार्य "उर्दू-हिन्दी परिचय कोश" (हिन्दी में व्यवहृत अरबी, फ़ारसी, तुर्की आदि के शब्दों का परिचय) एक निजी परियोजना के कार्य का परिणाम है। मैंने इस कोश परियोजना को अपनी दृष्टि से तीन स्तरों में करने की योजना बनाई है। यह कार्य प्रथम स्तर का है। द्वितीय स्तर (उर्दू-हिन्दी व्यवहार कोश-कृपया "गवेषणा" अंक - 17 देखिए) में मुशायरे, फिल्मी गीत- संवाद, रेडियो के उर्दू कार्यक्रम, धर्म, संस्कृति और मुस्लिम महिलाओं व पुरुषों के नाम आदि से संबंधित शुद्ध उर्दू के शब्द होंगे। तृतीय स्तर का कोश कार्याधीन है। इस कोश में मानविकी विषयों से संबंधित पारिभाषिक शब्द होंगे। इन तीन स्तरों को क्रमशः उर्दू-हिन्दी का परिचय कोश, माध्यमिक स्तरीय और उच्च स्तरीय कोश कहना उपयुक्त होगा।

1.1. लक्ष्य

परियोजना के शीर्षक से स्पष्ट है कि बोलचाल की हिन्दी में आए हुए अरबी, फारसी आदि (उर्दू) शब्दों का विस्तृत संकलन और उनका परिचय देना ही हमारा लक्ष्य है। इस परिचय के अंतर्गत अधोलिखित चर्चा की गई है :-

हिन्दी व्यवहार तथा शब्द समूह से संकलित उर्दू (स्तंभ एक) शब्दों के-

1. ध्वनि व्यवस्था अथवा उच्चारण विशिष्टताओं पर प्रकाश डालना (भूमिका भाग)
2. पदव्यवस्था अर्थात् शब्द, प्रत्यय, उपसर्ग आदि की विविधता बताना (भूमिका भाग)
3. अर्थ के वैविध्य का विस्तार बताते हुए हिन्दी के पर्यायों का निर्णय करना। (स्तंभ पाँच)
4. शब्दों का स्रोत बताना। (स्तंभ दो)
5. देवनागरी और फ़ारसी लिपि में शब्द की मूल और परिवर्तित वर्तनी एवं उच्चारण में भेद प्रदर्शित करना। (स्तंभ तीन और चार)
6. कुल मिलाकर यह बताना कि शिक्षित हिन्दी भाषा-भाषी व्यक्ति सहज रूप से उर्दू के सामान्यतया कौन-कौन से और कितने शब्दों का प्रयोग करता है (प्रविष्टियाँ) और इस प्रयोग का व्यावहारिक भाषाई और सांस्कृतिक महत्त्व क्या है। (भूमिका भाग)

1.2 सीमा

इस शब्द-परिचयात्मक संकलन में लगभग 3500 शब्द सम्मिलित हैं। (प्रथम संस्करण में लगभग 2300 शब्द) इस बड़ी संख्या को देखते हुए यह भ्रम हो सकता है कि यह एक उर्दू-हिन्दी कोश है। यहाँ यह स्पष्ट करना अनुचित न होगा कि इस परियोजना का उद्देश्य किसी प्रकार का परंपरागत

कोश निर्माण नहीं है और न इसका लक्ष्य हिन्दी में प्रचलित समस्त उर्दू शब्दों की सूची तैयार करना है। हिन्दी या उर्दू का भाषावैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करना अथवा उर्दू-हिन्दी की तुलना भी इस कार्य की सीमा में नहीं आते। स्पष्ट रूप से इस परियोजना की सीमा के अंतर्गत ये बातें सम्मिलित हैं।--

1. शिक्षित हिन्दी भाषा-भाषी हमारे सूचक हैं जिन्होंने उर्दू न पढ़ी हो।
2. उन सूचकों में अध्यापक, छात्र, क्लर्क, कवि और लेखक सम्मिलित हैं। इनकी विशेषता यह है कि ये मध्यवर्गीय हैं।

इन लोगों की बोल-चाल या व्यवहार की हिन्दी ही उर्दू शब्द संकलन का क्षेत्र है। इस व्यावहारिक सीमा में लिखित भाषा सम्मिलित नहीं है। शब्द संकलन की अन्य सीमा में प्रस्तुत अध्ययन में वे शब्द आए हैं, जिनका व्यवहार अधिक से अधिक और सहज रूप से होता है। व्यक्ति के विविध व्यवहारों की सीमा नहीं है। उन व्यवहारों को पारिभाषित करने वाली वाणी को पूरी तरह पकड़ पाना भी असंभव है। अतः प्रस्तुत अध्ययन में शब्द संकलन की सीमा स्वतः सिद्ध है।

1.3 पद्धति

इस परियोजना के उर्दू शब्दों का संकलन प्रमुख रूप से इन तीन पद्धतियों से किया गया है--

1. प्रथम चरण में अध्यापक, छात्र, क्लर्क आदि पढ़े-लिखे सूचकों की बोलचाल का अध्ययन एवं निरीक्षण करके कई सौ शब्दों की विस्तृत सूची तैयार की गई।
2. द्वितीय चरण में इस सूची को आधार बनाकर आगे उल्लिखित संदर्भ के शब्दों की सहायता से अनेक सामान्य बहुप्रचलित शब्दों की प्राक्कल्पना की गयी और उनको अकारादि क्रम से सूची में सम्मिलित किया गया।
3. तृतीय चरण में शब्दों के चयन और प्रस्तुतीकरण की बुनियादी बातों का निर्धारण किया गया। इस कार्य में प्रो० वी० रा० जगन्नाथन, डॉ० विजयराघव रेड्डी तथा डॉ० (श्रीमती) वशिनी शर्मा का (प्रथम संस्करण में) पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। वास्तविकता यह है कि ये मित्र हमारे मुख्य सूचक भी रहे हैं। द्वितीय संस्करण में कई सौ नये शब्द जोड़े गए हैं। इन शब्दों के चयन में डॉ० वशिनी शर्मा का पूर्ण सहयोग रहा है।

   इन मित्रों की विशेषता यह है कि ये शिक्षा क्षेत्र में कार्य करते हैं। इनको भाषा विज्ञान एवं भाषा अध्यापन का पर्याप्त अनुभव है। इन्होंने औपचारिक रूप से उर्दू नहीं पढ़ी है लेकिन उर्दू शैली से विभिन्न माध्यमों के क़ारण भलीभाँति परिचित हैं।

   अतः उर्दू शब्दों के संकलन के प्रस्तुत कार्य में इनके सहयोग से परिणाम की वैधता, विश्वसनीयता एवं समन्वय पूर्ण दृष्टि की अपेक्षा करना स्वाभाविक है। तब भी संकलन के गुण और परिणाम के संबंध में मतभेद की गुंजाइश बनी रहेगी।

2.0 ध्वनि व्यवस्था

2.1 ध्वनि

संसार की समस्त भाषाओं के अभिव्यंजना के मूल में प्रथमतः उच्चारण प्रक्रिया सन्निहित है। किसी भाषा की अभिव्यंजना या उच्चारण विशिष्टता उस भाषा के ध्वनिशास्त्रीय पक्ष में मिलता है। ध्वनिशास्त्रीय, व्याकरणिक तथा शब्द-कोशीय व्यवस्था दो भाषाओं में भेदक तत्व का कार्य करती है। इनमें भी दो भाषाओं की विशिष्टताओं में स्पष्ट अंतर करने का कार्य ध्वनि व्यवस्था ही करती है। तात्पर्य यह है कि संसार की कोई भी दो भाषाएँ एक सी नहीं हैं, केवल इसलिए कि उन भाषाओं की ध्वनि-व्यवस्था एक सी नहीं है। सारांश यह है कि किसी भाषा के मुख्य स्वरूप को (अभिव्यंजना व्यवस्था) समझने के लिए प्रथमतः उसकी ध्वनि-व्यवस्था को समझना अनिवार्य होता है।

दो भाषाओं के परस्पर प्रभावित होने का अर्थ है एक दूसरे की ध्वनि-व्यवस्था को स्वीकार करना अथवा किसी भाषा से प्रभावित होने का तात्पर्य यह है--उसकी ध्वनि व्यवस्था, व्याकरण और शब्दकोश को किसी अंश में स्वीकार करना। इसमें दो प्रक्रियाएँ काम करती हैं:- प्रथम गृहीत व्यवस्था को अपनी व्यवस्था में सुरक्षित रखना, द्वितीय उस व्यवस्था को अपनी प्रकृति के अनुरूप ढाल लेना। अधिकांश भाषाओं में द्वितीय प्रक्रिया ही देखी जाती है।

उर्दू के संदर्भ में यदि हिन्दी की प्रकृति का विश्लेषण किया जाए तो ज्ञात होगा कि इसमें दोनों प्रवृत्तियाँ दृष्टिगोचर होती हैं। उर्दू भारतीय भाषा है। इस धारणा के बावजूद यह अंसदिग्ध तथ्य है कि हिन्दी ध्वनि-व्यवस्था से उर्दू ध्वनि-व्यवस्था अन्य भारतीय भाषाओं की अपेक्षा काफी दूर है। इस संदर्भ में हिन्दी- उर्दू व्यवस्था की तुलना करना हमारा ध्येय नहीं है। तथापि उर्दू शब्द समूह को समझने के लिए मोटे तौर से यह समझना आवश्यक है कि इन दोनों भाषाओं की सैद्धान्तिक ध्वनि-व्यवस्था में क्या अंतर है। इस अंतर को समझने से पूर्व इस आधारभूत सत्य को हृदयंगम करना होगा कि हिन्दी की ध्वनि व्यवस्था मूलतः संस्कृत ध्वनि-व्यवस्था से और उर्दू की ध्वनि व्यवस्था अ़रबी-फ़ारसी की ध्वनि-व्यवस्था से प्रभावित है। इस विशिष्ट ध्वनि-व्यवस्था वाले उर्दू के शब्द हिन्दी के व्यवहार में आकर अनेक रूपों में परिवर्तित हुए हैं। आगे के प्रकरणों में इस परिवर्तन का सविस्तार विवरण दिया जाएगा। यह ज्ञातव्य है कि ध्वनि-व्यवस्था से हमारा तात्पर्य यहाँ उच्चारण पद्धति से है।

2.2 ध्वनि परिवर्तन

पिछले प्रसंग में हिन्दी और उर्दू ध्वनियों की सामान्य सैद्धांतिक चर्चा की गई है। वह प्रसंग वस्तुतः आनुषंगिक ही माना जाना चाहिए। ध्वनि प्रसंग में हमारा मुख्य लक्ष्य व्यावहारिक हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों की ध्वनि संबंधी व्यवस्था का सूक्ष्म अध्ययन करना है। हमें यह देखना है कि उर्दू की शब्दावली हिन्दी में आकर किस सीमा तक ध्वन्यात्मक रूप में परिवर्तितँ हो गई है और इस परिवर्तन के क्या-क्या परिणाम हुए हैं। स्वर और व्यंजन क्रम से इस अध्ययन को सोदाहरण प्रस्तुत किया जाएगा।

2.2.1 स्वर

उर्दू वर्णमाला में केवल/अ/ آ /ई/ ی और /ए/ے स्वरों को स्थान प्राप्त हैं। व्यवहार और लेखन में हिन्दी के अन्य स्वर भी किंचित भेद के साथ उसमें प्राप्त होते हैं। जैसे:- /आ/(آ),/इ/(ا),/उ/(اُ),/ऊ/(اُو),/ऐ/(اے), /ओ/(او), /औ/(اَو) इत्यादि। इस संदर्भ में ध्यान देने योग्य बात यह है कि उर्दू की एक व्यंजन ध्वनि /ऐन/ (ع) से भी स्वरवत् अनेक ध्वनियाँ बोली और लिखी जाती हैं। जैसे, /ऐ़न/, /अ़/ स्वरयंत्रमुखी अघोष स्पर्श ध्वनि है। इन दोनों प्रकार के स्वरों से युक्त उर्दू के शब्द हिन्दी के व्यवहार में आये हैं।जैसे:- "आदमी"(آدمی) और "ऐ़श"(عیش) "इम्तिहान"(امتحان), और "इ़श्क"(عشق), "उस्ताद"(استاد),और "उ़म्र"(عمر) "एहसान"(احسان), और "ऐलान"(اعلان), इत्यादि। शुद्ध उर्दू के उच्चारण में इन दोनों प्रकार के स्वरों में अंतर देखा जा सकता है। किंतु हिन्दी की उच्चारण और लेखन पद्धति में इनमें कोई अंतर नहीं आया है। इस एकरूपता में कहीं-कहीं ध्वनिग्रामिक महत्व भी दिखाई देता है। उपर्युक्त विवरण आगे के उदाहरणों से स्पष्ट हो जायेगा।

1. /अ/-/अ़/ : अक्सर (اکثر), अदब (ادب), अ़र्क़ (عرق), इत्यादि। उर्दू में सभी रेखांकित ध्वनियों के लिए केवल /अ/ का व्यवहार होता है।

कभी-कभी /अ़/ के स्थान पर हिन्दी में /य़/ श्रुति का आगम होता है, जैसे तबीअ़त >तबीयत। /अ/ का ध्वनिग्रामिक महत्व भी कहीं-कहीं मिलता है। जैसे खुद (خد) और खुदा (خدا) का अर्थ स्पष्ट है।

2. / आ/ - /आ़/ : "आदमी"(آدمی),"आफ़त"(آفت),"आराम"(آرام) "आ़शिक"(عاشق),"आ़दी"(عادی),"आ़म"(عام), इत्यादि। रेखांकित सभी ध्वनियों के लिए हिन्दी में केवल /आ/ व्यवहृत होता है। "मुनक्क़ा"(منقّہ), "मुरब्बा"(مربّہ), "आ" "ला"(عالا) इत्यादि में /आ/ की विशिष्टता द्रष्टव्य है। लेखन की दृष्टि से ये विशिष्ट शैली के प्रतीक हैं। /आ/ और /आ़/ का एकाध अर्थ भेदक उदाहरण भी मिलता है। जैसे- 'आम' (آم), 'आ़म' (عام) का अर्थ क्रमशः 'आम्र' और 'साधारण' होता है। /आ/ में /व्/ की श्रुति के उदाहरण मिलते हैं। जैसे बैआन: > बयाना। सुआल > सवाल।

3. /इ/ - /इ़/: "इंतिजार"(انتظار) "इम्तिहान"(امتحان), "इ़ल्म"(علم) "इ़श्क"(عشق) इत्र (عطر) इत्यादि। उर्दू में रेखाँकित ध्वनियों के लिए केवल /इ/

व्यवहृत होता है। /इ/ में /य/ श्रुति के अनेक उदाहरण मिलते हैं। जैसे क़वाइद > क़वायद, क़ाइद: > क़ायदा, नालाइक़ > नालायक़, फ़ाइद: > फ़ायदा, दाइर: > दायरा।

4. /ई/-/ई़/: ई़जाद (ایجاد), ईमान (ایمان), ई़द (عید), ई़सा (عیسیٰ) इत्यादि। उर्दू में रेखांकित ध्वनियों के लिए केवल /ई/ का प्रयोग होता है।

5. /उ/-/उ़/: 'उस्ताद' (استاد), उस्तुर: (استرہ) उर्दू (اردو), उम्र (عمر) उम्द: (عمدہ) उ़र्फ (عرف) इत्यादि। रेखांकित ध्वनियों के लिए केवल /उ/ का व्यवहार होता है। /ऊ/ से युक्त ऊद, ऊदा जैसे एक दो शब्द ही हिन्दी में हैं।

6. /ए/-/ए़/ /एं/: उर्दू में वस्तुत: /ए/ और /अ/ के व्यवहार में कोई अन्तर नहीं है। तथापि हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों में /ए/ का अस्तित्व मानकर, चलते हैं। 'एहसान' (احسان), "एहतियात"(احتیاط), 'एलान' (اعلان), 'एतिराज़' (اعتراض) रेखांकित ध्वनियों के लिए हिन्दी में केवल /ए/ है। उर्दू शब्दों के षष्ठी तत्पुरुष समास में आगत /ए/ का महत्व शैलीगत है। जैसे संग-ए-दिल (سنگ دل), शाह-ए-जहाँ(شاہجہاں) मालिक-ए-मकान (مالک مکاں)।

7. /अ'इ/-/ऐ/: फ़ारसी में संयुक्त स्वर /अ'इ/ है, जो हिन्दी में /ऐ/ (अए) हो जाता है। जैसे म'इद: > मैदा, खइर > ख़ैर, श'इतान > शैतान, क'इद > कैद इत्यादि। हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों के आदि में /ऐ/ है, हिन्दी में कहीं /ऐ/ नहीं है। जैसे 'ऐनक'(عینک), ऐश' (عیش), 'ऐब' (عیب) इत्यादि।

8. /ओ/-/औ/: हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों के मध्य में ही /ओ/ पाया जाता है। जैसे हिन्दोस्तान (ہندوستان), अजीबो गरीब (عجیب وغریب)। शब्द के आरंभ में /ओ/ का व्यवहार मिलता है। जैसे ओहद: (عہدہ) हिन्दी में केवल /ओ/ से काम लिया जाता है। उर्दू शब्दों के द्वंद्व-समास में आगत /ओ/ का शैलीगत महत्व है। जैसे ऐ़श-ओ-आराम (عیش وآرام), आब-ओ-हवा (آب وہوا) दीन-ओ-दुनिया (دین ودنیا), अ़जीब-ओ-ग़रीब (عجیب وغریب) इत्यादि। इसमें /ओ/ 'और' का अर्थ देते हुए एक पद का कार्य भी कर रहा है।

9. /अ'उ/- /औ़/ फ़ारसी में /अ'उ/ संयुक्ताक्षर है, जो हिन्दी में/औ/ (अ'ओ) हो जाता है। जैसे फ'उज-फौज, म'उसम-मौसम, श'उकीन-शौकीन, द'उलत-दौलत इत्यादि। /अ'उ/ और /ओ/ के अन्तर के उदाहरण-

औज़ार (اوزار) औलाद (اولاد) औसत (اوسط). और औरत (عورت) /औ/ का प्रयोग बहुत कम है।

2.2.2 व्यंजन : हिन्दी में व्यवहृत उर्दू शब्दों में जिन व्यंजनों में परिवर्तन हुआ है, वे व्यंजन ये हैं-/क़/(ق), /ख़/ (خ), /ग़/ (غ), /ज़/ (ض),/फ़/(ف), /ऐन/ (ع), /स/ (س), दो चश्मी हे (ھ), /हे/ (ہ), /हे/ (ح) उर्दू में ये व्यंजन ध्वनि ग्रामिक हैं और इनकी शुद्धता तथा परस्पर अन्तर की रक्षा का पूरा यत्न किया जाता है। किन्तु हिन्दी में आने पर यह यत्न शिथिल हो जाता है। अत: इनमें प्रथम चार ध्वनियों में परिवर्तन के सम्बन्ध में हिन्दी भाषियों में मतभेद है। इनमें एक वर्ग शुद्धतावादी है। दूसरा वर्ग इनमें परिवर्तन (हिन्दीकरण) का पक्षपाती है। इस मतविभिन्नता के परिणामस्वरूप हिन्दी में व्यवहृत उर्दू शब्दों में उपर्युक्त ध्वनियों का ध्वनि- ग्रामिक महत्व प्राय: नहीं है। कहीं-कहीं एक-दो अपवाद इसके मिल जाते हैं। आगे के उदाहरणों से यह विवरण स्पष्ट हो जायेगा।

1. /क़/-/क/: उर्दू में /क़/ और/क/तथा /क़/ और /ख़/ का ध्वनिग्रामिक महत्व है, जैसे क़दर (قدر) और कदर (کدر) का अर्थ क्रमश :'शक्ति और 'मलिनता' है। इसी प्रकार क़त (قط) और ख़त (خط) का 'कलम की नोक' और 'पत्र' अर्थ है। इस प्रकार के कई उदाहरण मिल जाते हैं हिन्दी में हल्क़ा (परिधि) और हल्का (भार रहित), ताक़ (आला) और ताक (टोह) जैसे ध्वनिग्राम के एक-दो उदाहरण मिलते हैं। प्राय: क़ानून (قانون), अक़्ल (عقل) वक़्त (وقت), बाक़ी (باقی), शौक़ (شوق) आदि का उच्चारण क्रमश: कानून (کانون) अक्ल (اکل) वक्त (وکت) बाकी (باکی) शौक (شوک) ही होता है।

2. /ख़/-/ख/: उर्दू में /ख़/ और /क़/ के ध्वनिग्रामों के उदाहरण बहुत कम हैं। एक-दो उदाहरण जो अप्रचलित हैं, द्रष्टव्य हैं -ख़ता (خطا) तथा क़ता (قتا),तथा ख़फ़ा(خفا) और क़फ़ा (قفا)। इनके अर्थ हैं क्रमश: "अपराध" "एक चिड़िया", "रुष्ट और "सिर के पीछे का भाग"। हिन्दी में /ख़/ और /ख/ ध्वनिग्राम वाले दो-चार उदाहरण मिल जाते हैं जैसे ख़ाना (خانہ) और खाना (کھانا), ख़ुदा (خدا) और खुदा (کھدا) ख़ाली (خالی) और खाली (کھالی) इनमें अर्थ का अन्तर स्पष्ट है।

3. /ग़/-/ग/: हिन्दी-उर्दू में इनके ध्वनिग्रामिक उदाहरण शायद नहीं हैं। हिन्दी में ग़बन (غبن), ग़दर (غدر), दिमाग़ (دماغ), चिराग़, (چراغ) बग़ल (بغل) आदि का उच्चारण गबन, (گبن) गदर (گدر) दिमाग (دماگ), चिराग (چراگ), बगल (بگل) होता है।

4. /जॣ/ –/ज़्/: अरबी के 'जे' (ز) ज़हर (زہر) ज़िंदगी (زندگی)
ज़ोय (ظ) ज़ाहिर (ظاہر) ज़ालिम (ظالم)
ज़्वाद (ض) ज़रूर (ضرور) हाज़िर (حاضر)
ज़ाल (ذ) ज़ात (ذات) ज़र्रा (ذرا)
झ़ (ژ) अझ़्दह (اژدہ) काझ़ (کاژ)

ये ध्वनियाँ क्रमशः दत्य वर्त्स्य संघर्षी, कंठ स्थान युक्त दंत वर्त्स्य स्पर्श, दंत संघर्षी तथा तालव्य संघर्षी हैं। ये पाँचों ध्वनियाँ हिन्दी की वर्त्स्य संघर्षी /ज़/ में समाहित हो गई हैं। शुद्ध उर्दू में ये ध्वनियाँ ध्वनिग्राम हैं। एक दो उदाहरण से यह बात स्पष्ट होती है। जैसे -

ज़रा (ذرع) लोभ
ज़रा (ضرا) रोना
ज़रा (ذرا) तनिक
इसी प्रकार ज़न (زن) स्त्री
ज़न (ظن) विचार

हिन्दी में व्यवहृत उर्दू शब्दों में यह पूर्ण ध्वनिग्राम नहीं मिलता। उर्दू में /ज़्/ और /ज/ ध्वनिग्राम हैं। इनके अनेक उदाहरण मिलते हैं। जैसे-

ज़बान (زبان) जिह्वा
जबान (جبان) नपुंसक
जर (جر) आकर्षण
ज़र (زر) सोना
मौज (موج) आनन्द
मौज (موج) तरंग

हिन्दी में भी /ज़/ और /ज/ ध्वनिग्राम के दो-चार उदाहरण मिल जाते हैं। जैसे -

ज़रा (ذرا) थोड़ा
जरा (جرا) बुढ़ापा
राज़ (راز) रहस्य
राज (راج) शासन
ज़मानः (زمانہ) युग
जमाना (جمانا) क्रिया (जमाने की)

इन उदाहरणों के बावजूद हिन्दी में /ज़/ के प्रयोग में किसी प्रकार की व्यावहारिक बाधा उपस्थित नहीं होती है। परिणामतः जहर-ज़हर (جہر-زہر),ज़ालिम-जालिम(ظالم-جالم) हाज़िर-हाजिर (حاضر-حاجر) दोनों प्रकार का उच्चारण होता है।

5. /फ़्/-/फ्/ : हिन्दी में /फ़्/ का व्यवहार /ज़्/. /ग़्/ या /क़्/ की तुलना में अधिक होता है। कभी-कभी हिन्दी के शब्दों में भी यह ध्वनि सुनाई पड़ती है। जैसे- फल-फ़ल, फिर-फ़िर, फूल-फ़ूल इत्यादि। उर्दू के फ़ौरन (فوراً), फ़ैसला (فیصلہ) तूफ़ान (طوفان), लिफ़ाफ़ः (لفافہ), शरीफ़ (شریف) आदि में /फ/ की अपेक्षा /फ़्/ का उच्चारण अधिक देखा जाता है।

6. /स्/: अरबी के 1 'से' (ث) सवाब (ثواب) वारिस (وارث)
2 'स्वाद' (ص) साबुन (صابن) सनम (صنم)
3 'सीन' (س) सफ़ेद (سفید) सर्दी (سردی)

उपर्युक्त ध्वनियाँ क्रमशः दंत मध्य संघर्षी, कंठ स्थानयुक्त दंत वर्त्स्य संघर्षी, और सामान्य दंत वर्त्स्य संघर्षी हैं। हिन्दी में इनका प्रयोग वर्त्स्य संघर्षी /स्/ ही होता है। उर्दू में इन व्यंजनों के ध्वनिग्राम के उदाहरण मिलते हैं। जैसे -

सौत (صوت) ध्वनि
सौत (سوط) चाबुक
समर (صمر) कथा
समर (ثمر) मेवा

हिन्दी में ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता। परिणामतः उपर्युक्त सभी ध्वनियों का एक समान व्यवहार होता है।

7. /अ्/-/ऐन/: अरबी में हमज़ा-अलिफ़, जिसको 'ऐन' (ع) कहते हैं।, स्वर यंत्र मुखी अघोष स्पर्शध्वनि है। हिन्दी में आकर यह ध्वनि दो रूपों में परिवर्तित हो गई है-

(क) शब्द के आदि में यह ध्वनि लुप्त हो गई है जैसे अक़्ल (عقل) अजब (عجب) ऐश (عیش)

(ख) शब्द के मध्य और अन्त में यह ध्वनि दीर्घ /आं/ में बदल गई है जैसे - बाद (بعد) मशाल (مشعل) लाल (لعل) जमा (جمع) मना (منع) इत्यादि।

8. /ह्/: अरबी में दो चश्मी 'हे' (ہ) ज़हर (زہر) ज़ाहिर (ظاہر), 'हे' हवा (ہوا) हमराज़ (ہمراز), हे (ح) हालत (حالت) हाज़िर (حاضر)। क्रमशः ये ध्वनियाँ स्वरयंत्रमुखी और उपालिजिह्वा हैं। हिन्दी में ये ध्वनियाँ घोष या अघोष /ह्/ के रूप में प्रयुक्त होती हैं। परिष्कृत उर्दू में इन ध्वनियों का ध्वनिग्रामिक महत्व है। जैसे- हाजिर (ہاجر), परदेशी, हाज़िर (حاضر) रोकने वाला, हामी (ہامی) चकितः, हामी (حامی

पक्षपाती, इत्यादि। हिन्दी में व्यवहृत उर्दू शब्दों में ऐसे उदाहरण नहीं मिलते। अतः केवल /ह्/ का व्यवहार सर्वत्र होता है। वस्तुतः 'दो चश्मी हे' का प्रयोग महाप्राणत्व उत्पन्न करने में होता है। हिन्दी की महाप्राण ध्वनियाँ फ़ारसी लिपि में इसी के मेल से लिखी जाती हैं। जैसे- खाना (کھانا) घर (گھر) फल (پھل) थाली (تھالی) भलाई (بھلائی) इत्यादि।

हे (ہ) का प्रयोग पूर्णतः /ह/ के रुप में होता है। जैसे कहानी (کہانی), मेहरबानी (مہربانی) हवा (ہوا) इत्यादि। इस 'हे' का एक और प्रयोग देखा जाता है।

अरबी-फ़ारसी के शब्दों के अन्त में प्रयुक्त 'हा-इ-मुख़्तफ़ी' जो विसर्ग रूप /:/ में लिखा और अल्प उच्चरित /ह्/ के समान उच्चरित होता है। अरबी-फ़ारसी के शब्दों के अन्त में प्रयुक्त 'हा-इ-मुस्तफ़ी' जो विसर्ग /:/ रूप में लिखा और अल्पोच्चरित /ह्/ के समान उच्चरित होता है। हिन्दी में आकर वह /आ/ स्वर में परिवर्तित हो जाती है। जैसे -

इशारः	इशारा
तमाशः	तमाशा
किनारः	किनारा

इस ध्वनि के ध्वनिग्रामिक रूप भी मिलते हैं। जैसे -

पेशः और पेश

तख़्तः और तख़्त

बरामदः और बरामद

अंदाजः और अंदाज

परिष्कृत उर्दू में इनका उच्चारणगत अंतर देखा जाता है। हिन्दी में इस अन्तर की आवश्यकता नहीं है।

9. अनुस्वार / ं /: उर्दू के 'नून' (ن) अर्थात् /न्/ और हिन्दी के अनुस्वार / ं / में बहुत कुछ समानता है। जैसे -

अंगूर - अन्गूर (انگور)

अंजीर - अन्जीर (انجیر)

अंदरूनी - अन्दरूनी (اندرونی)

अंबार - अम्बार (انبار)

परिणामतः इस प्रकार के उर्दू शब्दों को हिन्दी में अनुस्वार के साथ ही प्रयोग किया जाता है।

यक़ीनन (یقیناً) फ़ौरन (فوراً), अंदाज़न (اندازاً), शरारतन (شرارتاً) जैसे

उर्दू के प्रयोगों में अंत्य /न्/ द्रष्टव्य है। इसके लिए हिन्दी में /न्/का ही व्यवहार होता है।

10. अनुनासिकता /ँ/: परिष्कृत उर्दू में विशेषकर शायरी में अनुनासिकता का प्रयोग खूब होता है। जैसे आस्माँ (آسماں), इन्साँ (انساں), जवाँ (جواں), वीराँ ویراں हिन्दोस्ताँ (ہندوستاں) इत्यादि। उर्दू में इनका मूल रूप आस्मान, इन्सान, जवान और वीरान है। हिन्दी में इन्हीं रूपों का प्रचलन है। शेर-शायरी में अनुनासिकता इतनी बढ़ जाती है कि तरह, हमेशा, दुनिया को भी तरहाँ, हमेशाँ, दुनियाँ उच्चरित किया जाता है।

2.3 वर्ण तथा वर्तनी : हिन्दी में अरबी, फ़ारसी तथा तुर्की भाषाओं (उर्दू) से आगत शब्दों की वर्तनी प्राय: हिन्दी की ध्वनि व्यवस्था तथा वर्तनी व्यवस्था विन्यास के अनुरूप ही लिखी जाती है(कोश की मुख्य प्रविष्टियाँ देखें) क़, ख़, ग़, ज़, फ़ आदि परिवर्धित वर्णों का उपयोग करते हुए कहीं - कहीं इन शब्दों का मूल उच्चारण (वर्तनी भी) दिखाने का प्रयास किया जाता है।(देखिए पिछला प्रकरण 2.0 ध्वनि व्यवस्था) लेकिन इससे जिज्ञासु को उर्दू के शब्दों का सही-सही परिचय नहीं मिल पाता। अत: इस कोश में कतिपय विशिष्ट उच्चारण के सूक्ष्मलिपि संकेत तथा वर्तनी देने का प्रयास किया गया है:-

1		2	3	
संवादी वर्ण		हिन्दी वर्तनी	उर्दू वर्तनी	
ع	अ़	अरब	عرب	अ़रब
		इल्म	علم	इ़ल्म
		उम्र	عمر	उ़म्र
خ	ख़	खुदा	خدا	ख़ुदा
		खिदमत	خدمت	ख़िद्मत
ق	क़	कुरान	قران	क़ुरान
		कैदी	قیدی	क़ैदी
غ	ग़	गरीब	غریب	ग़रीब
		दाग	داغ	दाग़
ف	फ़	फकीर/फ़कीर	فقیر	फ़क़ीर
		फारसी/फ़ारसी	فارسی	फ़ारसी
ذ	ज़	जात/ज़ात	ذات	ज़ात
ز	ज़	जहर/ज़हर	زہر	ज़हर
		जिंदगी/ज़िंदगी	زندگی	ज़िंदगी
ض	ज़्र	काजी	قاضی	काज़ी
		जरूर	ضرور	ज़रूर

ظ	ज़	नजर/नज़र	نظر	नज़र
		जाहिर	ظاہر	ज़ाहिर
ژ	झ़	अजदह	اژدہ	अझ़दह:
		काज	کاژ	काझ़
ت	त	तारीख	تاریخ	तारीख़
		तीर	تیر	तीर
ط	त़	तोता	طوطا	त़ोत़ा
		तौर तरीका	طورطریقہ	त़ौर त़रीक़:
س	स	सफेद	سفید	सफ़ेद
		सर्दी	سردی	सर्दी
ث	स़	कसरत	کسرت	कस़रत
		वारिस	وارث	वारिस़
ص	स	संदूक	صندوق	संदूक़
		साबुन	صابن	साबुन
ہ	ह	हवा	ہوا	हवा
		दरगाह	درگاہ	दरगाह
ح	ह	मुहम्मद	محمد	मुह़म्मद
		हाजिर	حاضر	ह़ाज़िर
ـہ	:	पेशा	پیشہ	पेश:
		तख्ता	تختہ	तख़्त:
ىٰ	ा	ईसा	عیسیٰ	ईसा:
		मूसा	موسیٰ	मूसा
اً	न्	फौरन	فوراً	फ़ौरन
		तकरीबन	تقریباً	तक़रीबन्

(नोट: कोश के कालम तीन में उर्दू की मूल वर्तनी देने का प्रयास किया गया है। /ज़/ और /फ़/ ध्वनियों को हिन्दी में (अंग्रेजी के कारण भी) बनाये रखने का कुछ लोग समर्थन करते हैं। इसलिए वर्तनी मे कहीं-कहीं ज़ और फ़ वर्ण दिखाई देते हैं। पर हमने अपने इस कोश में मूल प्रविष्टि में हिन्दी की प्रकृति के अनुरूप ही /ज/-/फ/ ही रखा है)

हिन्दी और उर्दू में कई शब्दों की वर्तनी अलग अलग लिखी जाती है। जैसे-

हिन्दी	उर्दू
खाहिश	ख़्वाहिश
खाब	ख़्वाब
इम्तेहान	इ़म्तिहान

इंतेकाल	इंतिक़ाल
कसरत	कस्रत
जुर्रत	जुरअत
जवाहर	जवाहिर इत्यादि

इस वर्तनी भिन्नता में एक खास व्यवस्था पायी जाती है। लोप, आगम, प्रतिस्थापन, ह्रस्वीकरण आदि नियम इस व्यवस्था में काम करते हैं

2.3.1 लोप

आदि लोप = गुवाह > गवाह, जुबान > जबान, सुहूलत > सहूलत

मध्य लोप = ख़्वाब > खाब, दरख़्वास्त > दरखास्त, जवाहिर > जवाहर, मज्दूर > मजूर

अन्त लोप = शुरुअ > शुरू, बाय > बू

2.3.2 आगम

हिन्दी में व्यवहृत उर्दू शब्दों के ध्वनि गुच्छों में प्रायः स्वरों का आगम होता है। आगम प्रायः शब्दों के मध्य या अन्त में होता है। जैसे -

मध्य आगम = हुक्म > हुकुम, बुन्याद > बुनियाद, मज्बूत > मजबूत, गब्न > गबन, ख़त्म > खतम

2.3.3 प्रतिस्थापन

हिन्दी में आने पर अनेक उर्दू शब्दों में ध्वनियों का प्रतिस्थापन होता है। जैसे- आदि में जिहेज > दहेज, सिपुर्द > सुपुर्द, मध्य में नक़द > नग़द, सवाब > सबाब अन्त में सेव > सेब, तकादः > तकाजा।

2.3.4 ह्रस्वीकरण

हिन्दी के कतिपय उर्दू शब्दों में द्वित्व का लोप हो जाता है। परिणाम स्वरूप शब्द का ह्रस्वीकरण हो जाता है जैसे- नव्वाब > नवाब, दल्लाल > दलाल, जिद्द > जिद, हक्क > हक, आचार > अचार, अव्वारः > आवारा।

3.0 पद-व्यवस्था

3.1 स्रोत

भाषाशास्त्रियों का मत है कि उर्दू हिन्दी की एक विशिष्ट शैली है। इस अभिमत का प्रमुख कारण उर्दू और हिन्दी का व्याकरण एक होना है। इस एकता के बावजूद उर्दू की जो

विशिष्टता है, वह उसके शब्द या पद भंडार में निहित है। इस शब्द समृद्धि के लिए उर्दू सदा से विदेशी शब्द-सम्पदा को स्रोत मानती रही है। विशेषकर अरबी, फ़ारसी और तुर्की भाषाओं से ग्रहीत शब्द समूहों से ही वह अपना कोश भरती रही है। इन विभिन्न स्रोतों से अनेक प्रकार के शब्द वर्गों को स्वीकार कर उन्हें हिन्दी व्याकरण के अनुसार प्रयोग करना ही उर्दू का अपना अस्तित्व है। जो हो, आज उर्दू का सामाजिक, साहित्यिक तथा संविधानिक दृष्टि से अपना अलग अस्तित्व है, यह असंदिग्ध है।

उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि हिन्दी में उर्दू की समस्या प्रमुख रूप से शब्दों या पदों की समस्या है। मूलतः हिन्दी में उर्दू के कितने शब्द आये हैं, इसके सम्बन्ध में श्री भोलानाथ तिवारी ने अपने "हिन्दी भाषा" ग्रन्थ में लिखा है कि यह संख्या लगभग 6125 के निकट पहुँचती हैं। इनमें फ़ारसी, अरबी और तुर्की के शब्द सम्मिलित हैं। संभव है कि हिन्दी की साहित्यिक और व्यावहारिक इन दोनों प्रकार की भाषा शैली में इतने सारे शब्द होंगे, किन्तु प्रस्तुत अध्ययन में साहित्यिक संदर्भ के शब्दों से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। हमें केवल यह देखना है कि हिन्दी के व्यवहार में कितने उर्दू शब्दों का प्रयोग करना संभव होता है। अतः इस व्यावहारिक सीमा के कारण उपर्युक्त शब्द संख्या से हमारा कोई सबन्ध नहीं रह जाता। हमने यह देखने की कोशिश की है कि इस व्यवहार की सीमा में कितने शब्द आ सकते हैं। प्रस्तुत अध्ययन में सम्मिलित शब्दों का स्रोतीय विवरण या परिचय आगे दिया जाता है।

3.1.1 फ़ारसी

आज हिन्दी में प्रयुक्त फ़ारसी शब्दों की संख्या भोलानाथ तिवारी के अनुसार लगभग 3500 है।

प्रस्तुत अध्ययन में व्यावहारिक शब्दों के विषय की दृष्टि से कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं -

धर्म संबंधी :- रोज़ा, दीन, कुरान, खुदा इत्यादि
शासन संबंधी :- सरकार, वकील, चपरासी, सिपाही इत्यादि
पोशाक संबंधी :- पाजामा, कमीज़, शलवार इत्यादि
सेना संबंधी :- फौज़, हमला, कमान, तीर इत्यादि
स्थान संबंधी :- मुहल्ला, देहात, शहर, जिला इत्यादि
पत्र-व्यवहार संबंधी :- ख़त, लिफ़ाफा, पता इत्यादि
अन्न-फल-मेवा :- बादाम, सेब, अनार, अंगूर, तरबूज, कद्दू इत्यादि
बरफी, हलवा, गुलाब जामुन, समोसा इत्यादि
व्यवसायियों के नाम :- दर्जी, सईस, बावर्ची, हलवाई इत्यादि
श्रृंगार संबंधी :- साबुन, आईना, शीशा, इत्र आदि
मकान संबंधी :- मकान, दीवार, दालान, मंजिल, बरामदा इत्यादि

बीमारी संबंधी :- हकीम, बुखार, हैजा, जुकाम, बीमार इत्यादि

फर्नीचर संबंधी :- कुर्सी, तख्त इत्यादि

इसमें संज्ञा, विशेषण, क्रिया विशेषण, समुच्चय बोधक तथा विस्मयादि बोधक शब्द सम्मिलित हैं। प्रस्तुत शब्द परिचय में फ़ारसी के लगभग 1600 शब्द आये हैं।

3.1.2 अरबी

भोलानाथ तिवारी की गणना के अनुसार हिन्दी में लगभग 2500 अरबी के शब्द हैं जो फ़ारसी के माध्यम से हिन्दी में आये हैं। प्रस्तुत अध्ययन में आये हुए अरबी शब्दों के निम्नलिखित कुछ उदाहरण हैं -

शासन:- अदालत, अमीन, फैसल, बरी, हिरासत इत्यादि

धर्म:- हज, ईद, दुआ, शैतान इत्यादि

चिकित्सा:- बलग़म, हक़ीम, जुलाब, मर्ज़, मरीज़ इत्यादि

शिक्षा:- किताब, क़लम, काग़ज, इम्तिहान इत्यादि

प्रस्तुत शब्द परिचय में लगभग 1500 अरबी शब्द आये हैं।

3.1.3 तुर्की

श्री तिवारी के अनुसार हिन्दी में प्रयुक्त तुर्की के शब्द 125 से कम नहीं हैं। प्रस्तुत अध्ययन में ऐसे तुर्की शब्दों को लिया गया है जो हिन्दी के सामान्य व्यवहार में देखे जा सकते हैं। जैसे -

उर्दू, बहादुर, चाकू, कैंची, बेगम, तोप, दरोगा, लाश, बारूद, कुर्ता, ठाकुर, चोगा, मुगल आदि। कुल संकलित तुर्की शब्दों में अधिकतर शब्द संज्ञा हैं और सेना से संबद्ध हैं। श्री भोलानाथ तिवारी की गणना के अनुसार हिन्दी में लगभग 125 तुर्की शब्द प्रचलित हैं। प्रस्तुत शब्द संकलन में लगभग 60 तुर्की शब्द हैं।

3.1.4 उभय स्रोतीय शब्द

1. भारत और ईरान की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक घनिष्ठता तथा संस्कृत एवं फ़ारसी दोनों के आर्य भाषा परिवार के सदस्य होने के कारण इनमें बहुत से ऐसे शब्द किंचित् रूप परिवर्तन के साथ मिलते हैं, जो हिन्दी में आकार स्त्रोत का भ्रम पैदा करते हैं। ये शब्द उर्दू कोशों में फ़ारसी स्रोतीय बताये जाते हैं और हिन्दी कोशों में संस्कृत स्रोतीय बताये जाते हैं। जो हो, ऐसे उभय स्रोतीय शब्दों के कुछ उदाहरण ये हैं-

गीद (गृद्ध), गो (गौ), नाम (नाम), बारी (पारी), मूशक (मूषक), अंकुस (अंकुश), सान (षाण), साया (छाया), हफ्ता (सप्ताह)

माह (मास), पंज (पंच), अब्र (अभ्र), आफ़त (आपत्ति), बाद (वात), नर्म (नम्र) इत्यादि। ऐसे शब्दों में गीद, मूशक, अंकुस, पंज आदि शब्द प्रस्तुत अध्ययन में नहीं लिये गये हैं जिनके बारे में हिन्दी कोश केवल संस्कृत स्रोतीय मानते हैं। सान, साया हफ्ता, माह आदि ऐसे शब्दों को इस अध्ययन में सम्मिलित किया गया है जिनको कतिपय उर्दू और हिन्दी कोश फ़ारसी या अरबी और संस्कृत स्रोतीय मानते हैं। शब्दों के स्रोत के सम्बन्ध में कोशों का एक मत न होना इस अध्ययन की विश्वसनीयता की सीमा मानी जानी चाहिए।

2. अरबी शब्दों में फ़ारसी प्रत्यय या उपसर्ग जुड़कर, या इसके विपरीत होकर भी अनेक उभय स्रोतीय शब्द बन गये हैं। जैसे - अक्लमंद (अ०+फा०), ईदगाह (अ०+फा०) ओहदेदार (अ०+फा०), तालुकेदार (अ०+फा०), बेमानी (फा. + अ.), ताकतवर (फा०+ अ०) खुदगर्ज (फा०+ अ०) इत्यादि। इस अध्ययन में ऐसे शब्द लगभग 300 हैं।

3. हिन्दी के शब्दों में उर्दू उपसर्ग जुड़कर अनेक शब्द बने हैं - नासमझ, नेकनाम, बनाम, बेघर, सरसंचालक, सरपंच, सरनाम, हमनाम इत्यादि। इसी प्रकार हिन्दी के शब्दों में अरबी फ़ारसी के प्रत्ययों के जुड़ने से बने असंख्य शब्द हिन्दी में प्रचलित हैं - बढ़ईगीरी, मच्छरदानी, हथियारबंद, घराना, हाथीदान, गद्दीनशीन, प्रदेशवार, झंडाबदार, बैठकबाज समझदार, श्रृंगारदान, उठाईगीर, घूसखोर इत्यादि। जेबकट, गिरहकट, पुछकटा, परकटा, दिलचला, दिलजला आदि ऐसे शब्द भी मिलते हैं जिनमें हिन्दी तथा उर्दू के शब्द हैं। इस प्रकार (जिनमें हिन्दी समाविष्ट है) के शब्द इस कोश में नहीं लिये गये हैं।

4. उर्दू भाषा में पुर्तगाली शब्दों का भी प्रयोग होता है। उर्दू के माध्यम से हिन्दी में आये हुए पुर्तगाली शब्द लगभग 100 होंगे। अनन्नास, अलमारी, इस्त्री, इस्पात, कनस्तर, कमरा, काजू, गमला, गोदाम, चाबी, चाय, तम्बाकू, पपीता, तौलिया, बाल्टी, बोतल, मिस्त्री, आदि लोकप्रिय शब्द पुर्तगाली हैं।

5. इस कोश में कुछ ऐसे भी शब्द लिये गये हैं, जिनको कुछ लोग अरबी-फ़ारसी मूलक मानते हैं, और कुछ लोग संस्कृत मूलक। जैसे - साया, सौगंद, सर, नाम, नर्म, अंबर, समंदर, नारंगी, अबरक इत्यादि। ऐसे शब्द स्रोत स्तंभ में (सं-?) से संकेतित हैं।

3.2 वर्गीकरण

3.2.1 संज्ञा :- प्रस्तुत अध्ययन में अधिकांश संज्ञा शब्द ही हैं।

1. इनमें महमूद, मुंशी, अहमद, याकूब, मौलाना आदि व्यक्ति वाचक संज्ञाओं की गणना नहीं की गई है।

2. जाति वाचक संज्ञाओं में इरादा, कफ़न, कबूतर, चाकर, कौम, पाव, बरबाद, बरामद, दुकान इत्यादि सैकड़ों शब्द इस परिचय में सम्मिलित हैं।

3. भाव वाचक संज्ञाओं में - आमदनी, आशिकी, इन्सानियत, बरबादी, नादानी, रहनुमाई जैसे असंख्य शब्द इस शब्द सूची में मिलेंगे।

3.2.2 विशेषण- इस अध्ययन में प्रस्तुत असंख्य विश्लेषण शब्द फ़ारसी के हैं। कुछ विशेषण द्रष्टव्य हैं -

खुश, बदनाम, परेशान, बारीक, तेज, बेहया, मंदा, बेकार, आलीशान, चाप्लूस, इन्साफ-पंसद, औसत, काफ़ी, कानूनदाँ, ताज़ा, नामी, बहादुर, जानदार, मुश्किल, आसान, बेईमान, ईमानदार, कम, ज़्यादा, सख़्त, नरम, सादा, साफ़ इत्यादि शब्दों पर ध्यान दें तो ज्ञात होगा कि इनमें अधिसंख्यक विशेषण गुणवाचक हैं, दूसरे स्थान पर परिणाम वाचक विशेषण आये हैं। हिन्दी में उर्दू के गाली गलौच के शब्द काफ़ी हैं - कम्बख़्त, पाजी, बदमाश, मक्कार, लफंगा, शोहदा, हरामी, लुच्चा, बदज़ात, हरामख़ोर, हरामज़ादा इत्यादि।

3.2.3 सर्वनाम- खुद, फलां, जैसे एक दो सर्वनाम हिन्दी में व्यवहृत होते हैं।

3.2.4 क्रिया- फारसी के कुछ क्रिया पद हिन्दी के व्यवहार में देखे जाते हैं। जैसे -ख़रीद > ख़रीदना, ख़र्च > ख़र्चना, गुज़र > गुज़रना, गुम > गुमना, तराश > तराशना, वसूल > वसूलना, शर्म > शर्माना, फ़रमान > फ़रमाना। इनमें काल, वचन, लिंग आदि का व्याकरण हिन्दी क्रियाओं के अनुरूप ही हैं।

3.2.5 क्रिया विशेषण - यक़ीनन, शरारतन, हरचंद, क़तई, अंदाज़न, फ़ौरन, अक्सर, आख़िर, जरूर, शायद, बिल्कुल, हमेशा, बेशक, हर्गिज़, जल्द इत्यादि उर्दू के क्रिया विशेषण हिन्दी में सहज रूप से व्यवहृत होते हैं।

3.2.6 समुच्चय बोधक- अगर, अगरचे, मगर, व, कि, हालाँकि, वरना, लेकिन, चुनांचे, बल्कि, इत्यादि शब्द हिन्दी व्याकरण के संयुक्त वाक्यों में प्रयुक्त होते हैं।

3.2.7 विस्मयादि बोधक- वाह! वाह-वाह!, उफ!, आह!, आहा!, हाए-तौबा! हा!, शाबाश!, ए!, ओ! काश! इत्यादि फ़ारसी के विस्मयादि बोधक शब्द हिन्दी व्यवहार में मुक्त रूप से व्यवहृत होते हैं। ज्ञातव्य है कि इनमें से कई शब्दों को हिन्दी कोशकारों ने संस्कृत स्रोतीय माना है।

3.3 लिंग-वचन

3.3.1 लिंग - हिन्दी में आगत उर्दू शब्दों की लिंग व्यवस्था प्रायः हिन्दी के समान ही है। अपवाद स्वरूप चर्चा, दरिया आदि दो चार शब्दों के लिंग दोनों भाषाओं में अलग-अलग हैं।

3.3.2 वचन- हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों के बहुवचन रूप भी हिन्दी के नियमों पर चलते हैं। शुद्धता वादियों के कारण कुछ भिन्न रूप भी दिखलायी पड़ते हैं:-

शब्द	हिन्दी में बहुवचन	उर्दू में बहुवचन
हाल	हाल	हालात
कागज	काग़ज	काग़ज़ात
मकान	मकान	मकानात
खयाल	ख़याल	ख़्यालात
हक	हक़	हुकूक
हाकिम	हाकिम	हुक्काम
खबर	ख़बरें	अख़बार
कायदा	क़ायदे	क़वाइद
अमीर	अमीर	उमरा
अजीब	अजीब	अजायब
जौहर	जौहर	जवाहर। इत्यादि

लेकिन उर्दू के ये ब, व हिन्दी में कम ही लोग इस्तेमाल करते हैं।

3.4 उपसर्ग

हिन्दी में अनेक उर्दू के उपसर्ग प्रयोग किये जाते हैं। प्रस्तुत अध्ययन के शब्दों में कुछ विशेष उपसर्गों का ही बाहुल्य है। इनका सोदाहरण विवरण इस प्रकार है -

ब- बख़ूबी, बअदब, बख़ुशी।

बा- बाकायदा, बाअदब, बाकमाल।

बे- बेचैन, बेअदब, बेइज्जत, बेईमान।

ला- लाइलाज, लापरवाह, लापता, लाजवाब।

हम- हमउम्र, हमदम, हमराज़, हमसफ़र

ग़ैर- ग़ैरहाजिर, ग़ैरकानूनी, ग़ैरज़िम्मेदारी

ना- नाख़ुश, नाकाम, नाचीज़

फ़िल- फ़िलहाल, फ़िलवक्त

फ़ी- फ़ीसदी, फ़ीआदमी

बद- बदकिस्मत, बदनाम, बदनसीब

सर- सरेआम, सरे बाज़ार

हर- हरदम, हरसाल, हरवक़्त।

ऐन, कम, खुश, दर, नेक, बिला आदि उपसर्गों के शब्द भी काफ़ी हैं।

3.5 प्रत्यय

3.5.1 कृदन्त प्रत्यय- हिन्दी में उर्दू के कृदन्त प्रत्ययों का बहुत कम प्रयोग होता है। जिन थोड़े शब्दों का प्रयोग हमारे व्यवहार में होता है, उनमें भी प्रकृति, प्रत्यय का बोध हो नहीं पाता। जैसे - मालूम, जरूर, जल्लाद आदि अरबी कृदन्त विशेषणों में तथा तहसील, मुक़ाबिला, इन्कार, बग़ावत, किताब, सवाल, एतराज़ आदि कृदन्त संज्ञाओं में मूल धातु और प्रत्यय का कोई अनुमान नहीं लगने पाता।

फ़ारसी कृदन्त पदों के प्रयोग की स्थिति भी इसी प्रकार की है। इन पदों की प्रकृति-प्रत्यय की प्रतीति अपेक्षाकृत सरल है। जैसे - परवरिश, कोशिश, आमदनी, आज़माइश, फ़रमाइश, मालिश, रिहा, ज़िंदा इत्यादि। इन फ़ारसी कृदन्तों में इ, श, ई, आ, इंदा आदि प्रत्ययों का प्रयोग हो रहा है। इन्हीं प्रत्ययों का प्रयोग हम अपने व्यावहारिक उर्दू शब्दों में अधिकांश रूप में करते हैं।

3.5.2 तद्धित प्रत्यय- व्यावहारिक उर्दू शब्दों में अरबी तद्धित प्रत्ययों का प्रयोग बहुत कम होता है। फ़ारसी तद्धित प्रत्ययों की सूची पर्याप्त लम्बी है। प्रस्तुत अध्ययन में कुछ विशेष प्रत्ययों का ही प्रयोग हुआ है। उनका विवरण इस प्रकार है -

(क) संज्ञा

ई- कारीगरी, इंक़लाबी, खुशी, दोस्ती, जासूसी

दान- क़लमदान, पानदान, पीकदान, फूलदान

गर- जादूगर, बाज़ीगर, कारीगर, सौदागर

बीन- तमाशबीन, खुर्दबीन, दूरबीन

ख़ाना- दवाख़ाना, जेलख़ाना, कारख़ाना

कार- पेशकार, काश्तकार, सलाहकार, दस्तकार

गार- मददगार, रोज़गार, यादगार, ख़िदमतगार

गाह- ईदगाह, सैरगाह, बंदरगाह

गी- संजीदगी, सादगी, बंदगी, गंदगी

बाज़- हवाबाज़, नशेबाज़, चालबाज़, गप्पबाज़

आबाद- इलाहाबाद, हैदराबाद, अहमदाबाद

गीरी, चा, दानी, नामा, नुमा, पोश, बंद, बीन, वर आदि प्रत्ययों से भी बने असंख्य शब्द हैं।

(ख) विशेषण

ई- दिली, अंगूरी, ईरानी

मंद- अक़्लमंद, ज़रूरतमंद, दौलतमंद

वार- उम्मीदवार, सिलसिलेवार, माहवार

नाक- ख़तरनाक, दर्दनाक, खौफ़नाक

आना- मर्दाना, ज़नाना, मस्ताना

ईन- शौक़ीन, नमकीन, संगीन, रंगीन

ख़ोर- हरामख़ोर, गोताख़ोर, रिश्वतख़ोर

दार- दुकानदार, ज़मानतदार, मज़ेदार, दिलदार, कर्ज़दार

साज़- घड़ीसाज़, जालसाज़, दवासाज़

ईन, कश, कुन, गीर, बान, शुदा आदि प्रत्ययों से बने विशेषण शब्द भी अनेक हैं।

(ग) बहुवचन प्रत्यय

आन- साहबान, मालिकान

आत- काग़ज़ात, ज़ेवरात, मकानात, बेगमात

अन्य खबर- अखबार

हाकिम- हुक्काम

वक्त- औक़ात

अजीब- अजायब

जौहर- जवाहर

नतीजा- नतायज

(घ) तुलनार्थी प्रत्यय

तर (तर) -बदतर, बेहतर, कमतर

तरीन (तम) - बदतरीन, बेहतरीन, कमतरीन

(ड़) प्रस्तुत अध्ययन में प्रयोग की दृष्टि से कुछ पद ऐसे हैं जिनके मूल रूपों की अपेक्षा व्युत्पन्न या संयुक्त रूपों का प्रयोग अधिक होता है। या मूल रूपों का प्रयोग होता ही नहीं जैसे -

1. खुराफ़ात की अपेक्षा खुराफ़त का प्रयोग अधिक है

नाखुशी ,, ,, नाखुश ,, ,, ,, ,,

ह्रासंभव

नामंजूरी	,,	,,	नामंजूर	,,	,,	,, ,,
नाराज़गी	,,	,,	नाराज़	,,	,,	,, ,,
नामज़दगी	,,	,,	नामज़द	,,	,,	,, ,,
हराम	,,	,,,	नमकहराम	,,	,,	,, ,,

2. तौर का प्रयोग नहीं होता, तौरतरीक़ा का प्रयोग होता है

गंद	,,	,,	गंदगी, गंदा	,,	,,	,,	,,	,,
गिर्द	,,	,,	इर्दगिर्द	,,	,,	,,	,,	,,
नीम	,,	,,	नीमहकीम	,,	,,	,,	,,	,,
मै	,,	,,	मैख़ाना	,,	,,	,,	,,	,,
सद	,,	,,	सदी	,,	,,	,,	,,	,,
संग	,,	,,	संग-दिल	,,	,,	,,	,,	,,
मरमर	,,	,,	संगमरमर	,,	,,	,,	,,	,,

3.6 मुहावरे

हिन्दी में उर्दू से प्रभावित दो प्रकार के मुहावरे प्रचलित हैं।

(1) सीधे फ़ारसी से अनूदित-

फ़ारसी	हिन्दी
अंगुश्त व दन्दान	दाँतो तले अंगुली
आवाज़ नमूदन	आवाज उठाना
ख़ून ख़ुरदन	ख़ून पीना
गरदन खादीदन	गला फाड़ना
गुस्सा ख़ुरदन	गुस्सा पीना
चश्म बददूर	बुरी नजर से बचना
दस्त कशीदन	हाथ खींचना
दिल दादन	दिल देना
नज़रे-बदनमूदन	नजर लगाना
सर बर करदन	सिर उठाना

इस प्रकार के अनूदित मुहावरे हिन्दी में लगभग 400 हैं।

(2) हिन्दी के ऐसे मुहावरे जिनमें उर्दू शब्द आये हैं -

दिमाग़ चाटना, दिल बैठ जाना, ज़बान चलाना, बग़लें झांकना आदि असंख्य मुहावरों में दिमाग़, दिल, ज़बान, बग़ले आदि शब्दों के कोई हिन्दी स्थानापन्न शब्द नहीं हो सकते । सांराश यह कि उर्दू के बिना हिन्दी के अस्तित्व की कल्पना करना

4.0 अर्थव्यवस्था

प्रस्तुत अध्ययन का तीसरा प्रमुख लक्ष्य संकलित शब्दों के अर्थपक्ष की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालना है। यह कार्य पर्यायों के सहयोग से सम्पन्न किया गया है। पर्याय देने के उद्देश्य ये हैं –

1. संकलित हज़ारों उर्दू शब्दों के अर्थ समझाना हमारा लक्ष्य नहीं है, क्योंकि इस संकलन के पीछे यह धारणा रही है कि उनका व्यवहार हिन्दी में एक परिचित अर्थ में होता है।

2. एक भाव, विचार या प्रत्यय अथवा वस्तु के बोध के लिए शब्दों के एकाधिक स्थानापन्न अन्य शब्द हो सकते हैं। इन पर्यायों द्वारा यह ज्ञात करना है कि व्यावहारिक हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों के स्थान पर हिन्दी के अपने कितने शब्द प्रयोग किये जाते हैं या किये जा सकते हैं। इस अध्ययन में उर्दू शब्दों के तीन वर्ग प्रमुख रूप से मिलते हैं-

(1) पूर्ण पर्याय, (2) अर्धपर्याय अर्थात् ऐसे शब्द जिनके हिन्दी पर्याय आंशिक रूप में ही मिलते हैं। (3) अपर्याय- अर्थात् ऐसे शब्द जिनके हिन्दी पर्याय बिलकुल नहीं हैं। निश्चय ही ऐसे अध्ययन से किसी भाषा की शब्द शक्ति या शब्द भंडार का बोध होता है। आगे के विवरण से व्यावहारिक हिन्दी की अपनी शब्द सम्पत्ति की एक बानगी मिल सकती है।

4.1 पूर्ण पर्याय

प्रस्तुत शब्द परिचय में लगभग 2670 उर्दू शब्दों के पूर्ण पर्याय दिये गये हैं। इन पर्यायों की जानकारी का यह लाभ होगा कि हमारी शब्द समृद्धि बढ़ेगी। सुविधानुसार और प्रंसगानुकूल शब्दों का चयन किया जा सकेगा। इनके चयन में एक और सांस्कृतिक मूल्य छिपा है। सांस्कृतिक परिवर्तन के साथ-साथ भाषा में शुद्धता आने लगती है अर्थात् विदेशी शब्दों के स्थान पर अपने निजी या देशी शब्दों का व्यवहार अधिक होने लगता है। आजकल भारत में सांस्कृतिक जागरण के कारण हिन्दी में विशुद्धता की प्रवृत्ति दिनों-दिन बढ़ रही है। परिणमतः उर्दू शब्दों के स्थान पर संस्कृत स्रोत के शब्दों का प्रयोग अधिकाधिक होने लगा है। जैसे कुछ बहुत ही सरल शब्दों को लीजिए - मुश्किल, आसान, मकान, शहर, औरत, दरवाज़ा आदि के स्थान पर कठिन, सरल, घर, नगर स्त्री, द्वार का प्रयोग अधिक होने लगा है। कुछ और शब्द लीजिए- हज़ार, खूबसूरत, फ़ौज, तीर, कमान, अगर, अन्दर, उम्दा, काफ़ी, खुश आदि के लिए सहस्त्र, सुन्दर, सेना, वाण, धनुष, यदि, भीतर, बढ़िया पर्याप्त, प्रसन्नता का प्रयोग करना लोग शिष्टता के गुण मानने लगे हैं। कुछ कठिनतर शब्दों को लें- अदालत, अख़बार, अन्दाज़, पुराना, ज़माना, नुमाइश, खातिर, तकल्लुफ,

बेगाना, तहज़ीब, तीमारदारी, तालुक आदि शब्दों के स्थान पर न्यायालय, समाचार पत्र, अनुमान, प्राचीनकाल, प्रदर्शनी, सत्कार, संकोच, पराया, सभ्यता, सेवा और संबंध शब्दों का प्रयोग करना लोगों के शिक्षित होने के लक्षण लग रहे हैं।

4.2 अर्धपर्याय- प्रस्तुत अध्ययन में लगभग 350 उर्दू शब्दों के हिन्दी के अर्धपर्याय दिये गये हैं सूची में ऐसे पर्यायों को तारांकित* किया गया है। इन अर्धपर्यायों के भी दो वर्ग है। प्रथम वर्ग वह है जिसमें आंशिक रूप से अर्थ देने वाले पर्याय हैं। यह पर्याय अर्थ की छायामात्र वहन करते हैं। कुछ उदाहरण- 'अदा' का अर्थ 'हावभाव' कहना कहाँ तक उचित माना जायेगा। इसी प्रकार 'अफवाह' का अर्थ 'जन श्रुति' या 'किंवदंति', 'अमल' का अर्थ 'कार्य' कहना, 'कंदील' को 'दीपक' कहना, 'चर्खा' को 'चक्र कहना या 'तलब' को 'चाह' कहना केवल शब्द की अर्थ छाया की ओर संकेत करना है।

दूसरे वर्ग में जो पर्याय हैं, वे अधिक तत्सम हैं अत: कठिन हैं। इनका प्रयोग विशेष संदर्भों में ही संभव हो सकता है। या अति शुद्धतावादी ही इनका व्यवहार करता है। जैसे 'अनार' के लिए 'दाड़िम', 'अंगूर' के लिए 'द्राक्षा' का प्रयोग सहज व्यवहार में नहीं होता। इसी प्रकार इनके बारे में भी कहा जा सकता है ' पियाज (महाकंद), पियाला (चषक), बंदूक (शतघ्नी), मस्तूल (मरुत्पट), सफ्रा (पित्त), स्याही (मसि), सिफारिश (अनुशंसा), सुर्मा (रसांजन) इत्यादि। इनके प्रयोग की विरलता के कारण ही इनको अर्ध पर्याय में रखा गया है। हिन्दी में बढ़ती हुई तत्समवादी प्रवृत्ति के कारण संभव है कि भविष्य में इनका प्रयोग खूब चल पड़े। मुस्लिम धर्म तथा संस्कृति से संबंधित पैंग़बर, पीर, नमाज़, हज, रोज़ा, कुरान, मस्जिद, दरगाह, इमाम इत्यादि असंख्य शब्दों के जो पर्याय या अर्धपर्याय दिये गये हैं, वे मात्र अर्थ की ओर संकेत करते हैं, हिन्दी में अर्थसाम्य के आधार पर इनके पर्याय देना अनुचित है।

4.3 अपर्याय

प्रस्तुत शब्द संकलन में लगभग 480 ऐसे उर्दू के शब्द हैं जिनके हिन्दी के पर्याय लगभग नहीं हैं।

(i) इनमें बहुत से सामान्य जीवन के उपयोग से संबंधित हैं, जैसे -चपरासी, साबुन, बेरोजगारी, तम्बाकू, लिफ़ाफ़ा, पेचिश, सुराही, मुफ़्त, सौदा इत्यादि। कुछ और कठिनतम शब्द लें - सर्राफ़, सलामी, वकालत, शरारतन, शर्त, शीरा, शुतुरमुर्ग, सिफ़ारिश, हर्जाना, हवालात इत्यादि। इनके लिए हिन्दी में कोई पर्याय नहीं है।

(ii) कुछ फलों के नाम हिंदी में नहीं मिलते जैसे - अंजीर, सेब, खूबानी, नाशपाती,

शरीफ़ा, तरबूज़ इत्यादि।

(iii) कुछ मिठाइयों के लिए भी हिन्दी के नाम नहीं हैं। जैसे - गुलकंद, बर्फी, हलवा, हरारा, जलेबी, कुल्फ़ी, कलाकंद इत्यादि।

(iv) बहुत से मेवों के नाम भी हिन्दी में नहीं हैं - जैसे खूबानी, बादाम, मुनक्का, किशमिश, पिस्ता, नाशपाती इत्यादि।

(v) गालियाँ- हिन्दी में बहुत सी उर्दू की गालियाँ प्रचलित हैं जिनके पर्याय हिन्दी में नहीं हैं - हरामज़ादा, लुच्चा, लोफ़र, बदमाश, बेहूदा, बदज़ात, बदतमीज़, लफंगा इत्यादि।

(vi) पोशाक सम्बन्धी- पजामा, कमीज़, मोज़ा, दस्ताना, साफ़ा, शलवार आदि के लिए भी हिन्दी में अन्य शब्द नहीं हैं। उपर्युक्त विवरण आश्चर्य में डालता है। प्रश्न उठता है कि क्या ये फल, मेवे और मिठाइयाँ हमारे देश में प्राचीन काल में नहीं थीं ? यदि थीं तो इनके नाम क्या थे ? यदि नहीं थे तो क्या यह माना जाये यह सारी उपयोगी वस्तुएँ विदेशों से आयी हुई हैं ?

(vii) धर्म और संस्कृति संबंधी- मुस्लिम धर्म और संस्कृति के अनेक शब्द भी इसी कोटि में आते हैं। जैसे, इमाम, शेख, पैग़ंबर, हज़रत, ईद, हज इत्यादि। अस्तु इस प्रकार का और गहन अध्ययन बड़ा रोचक बन सकता है। इसमें हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की परतें हटेंगी और वास्तविक जीवन का बोध हो सकता है। सूची में अपर्याय वाले स्थलों में (x) का चिह्न रखा गया है।

4.4 एक पक्षीय पर्याय

हिन्दी पर्यायों में कुछ ऐसे भी उदाहरण मिलते हैं, जो उर्दू के मूल रूप के लिए तो हैं, किन्तु उनसे व्युत्पन्न शब्दों के लिए नहीं हैं। जैसे -

गिरफ्तार के लिए बंदी है, गिरफ्तारी के लिए नहीं
पाबंदी के लिए रोक है, पाबंद के लिए नहीं
पहलवान के लिए मल्ल है, पहलवानी के लिए नहीं
सूद के लिए ब्याज है, सूदखोर के लिए नहीं इत्यादि।

4.5 अनेक के लिए एक पर्याय

उर्दू के दो-दो या अनेक शब्दों के लिए हिन्दी में प्रायः लोकप्रिय एक-एक पर्याय ही प्रचलित हैं, जैसे - दोस्ती और दोस्ताना के लिए केवल मित्रता का प्रयोग
किस्मत या नसीब के लिए केवल भाग्य का प्रयोग
सूरत या शक्ल के लिए केवल रूप का प्रयोग
कसूर या गुनाह के लिए केवल अपराध का प्रयोग
सवाल या सवालात के लिए केवल प्रश्न का प्रयोग

4.6 एक के लिए अनेक पर्याय

(क) संकलन में आये हुए अनेक उर्दू शब्दों में एक-एक के अनेक उर्दू पर्याय हैं, जैसे - सलीक: के लिए तमीज़, शऊर, तर्तीब, तहज़ीब और नूर या चमक भी प्रचलित हैं।

(ख) संकलन के उर्दू शब्दों के लिए कहीं-कहीं अनेक हिन्दी पर्याय भी मिलते हैं। जैसे 'सलामत' के लिए सुरक्षित, जीवित या स्वस्थ। 'हमला' के लिए - आघात, वार, आक्रमण, चोट, युद्ध -यात्रा। प्रसंगानुकूल इनका चयन हो सकता है। प्रस्तुत संकलन में अनेक स्थल इसी प्रकार के हैं। इनमें निकटतम अर्थ के आधार पर ही दो-दो, तीन-तीन पर्याय दिये गये हैं।

4.7 अर्थ परिवर्तन :

हिन्दी में आने के बाद अनेक उर्दू शब्दों (विशेषकर फ़ारसी मूल के) के मूल अर्थों में परिवर्तन हो गया है। यह अर्थ परिवर्तन - 1. अर्थ विस्तार, 2. अर्थ संकोच और 3. अर्थादेश इन तीन रूपों में देखा जा सकता है-

1. अर्थ विस्तार

शब्द	फ़ारसी अर्थ	हिन्दी अर्थ
ईमानदार	विश्वासभाजन	सत्यवादी
ख़बर	जानकारी	समाचार
ख़ानदानी	पारिवारिक	कुलीन
ज़बानी	जीभका	अलिखित
ज़नाना	स्त्री	पत्नी
दावा	अधिकार	अभियोग। इत्यादि

2. अर्थ संकोच

ज़िक्र	स्मृति	चर्चा
दरिया	सागर	नदी
दीवानी	न्यायालय	मालका न्यायालय
रसद	भंडार	खाद्य भंडार
सलाह	उद्देश्य	परामर्श, इत्यादि।

3. अर्थादेश :

अख़बार	ख़बरें	समाचार पत्र
असबाब	कारण	सामान
ख़ातिर	मन, हृदय	वास्ते, स्वागत
अरसा	फ़ासला	समय

ख़ूब	अच्छा	बहुत
ख़ैरात	अच्छाई	दान, इत्यादि।

5.0 शैक्षिक मूल्य

प्रस्तुत संकलन के हज़ारों उर्दू शब्दों के परिचय का अपना शैक्षिक मूल्य है। जैसा कि प्रथम अध्याय में इस कार्य की सीमा और लक्ष्यों के संदर्भों में कहा गया है कि शिक्षित हिन्दी भाषियों को व्यावहारिक हिन्दी में आये हुए उर्दू शब्दों का परिचय देना है। अत: उस शिक्षित व्यक्ति के विचार, चिंतन, कला-बोध तथा सौंदर्य बोध को भी निश्चय ही ये उर्दू शब्द प्रभावित करते हैं। इस प्रभाव को हम मुख्यत: उसके दैनंदिन व्यवहार, भाषा तथा सांस्कृतिक दृष्टिकोण में देख सकते हैं।

5.1 व्यवहार

विशेषकर हिन्दी समाज मुस्लिम संस्कृति एवं सभ्यता के अति निकट है। दैनिक व्यवहार में हिन्दी और उर्दू भाषी प्राय: आदान-प्रदान करते हुए पाये जाते हैं। इस संपर्क को अधिक से अधिक सफल बनाने के लिए भाषा एक प्रमुख साधन है। यह भाषा ऐसी हो जो दोनों पक्षों के लिए सुगम लगे। व्यवहार को अधिकाधिक स्पष्ट, असंदिग्ध तथा प्रिय बनाये। इसके लिए यह स्वयं सिद्ध तथा अनिवार्य तथ्य लगता है कि हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों का बहिष्कार न किया जाये, वरन् उसके सार्थक तथा समर्थ प्रयोग के लिए यत्न किये जायें। संकलन में दिये गये लगभग सभी शब्द इस ध्येय को पूर्ण करने के लिए सक्षम हैं।

5.2 भाषा

प्रत्येक भाषा की अपनी मूल प्रवृत्ति होती है। अनेक अन्य भाषाओं से प्रभावित होकर या उधार लेकर भी उस प्रकृति को नहीं छोड़ा जाता। हिन्दी की भी अपनी प्रकृति है। इस प्रकृति को कुछ लोग संस्कृत के निकट मानकर उसमें अधिकाधिक संस्कृत शब्दों का प्रयोग करते हैं और कुछ लोग उर्दू के निकट मानकर उसमें ज़्यादा से ज़्यादा उर्दू शब्दों का समावेश करते हैं। इनको अतिवादी कहा जा सकता है। एक मध्यमार्गी वर्ग भी है, जो संस्कृत और उर्दू शब्दों को यथास्थान समुचित प्रयोग का पक्ष लेता है। मध्यमार्गी दृष्टिकोण हिन्दी की प्रकृति के निकट है। प्रस्तुत अध्ययन के उर्दू शब्दों का प्रयोग हिन्दी की इस मूल प्रकृति को बनाये रखने में सहयोग दे सकता है। इसके प्रयोग से हिन्दी का व्यावहारिक रूप अधिक प्रवाहमयी, स्वाभाविक एवं सरल बनता है।

5.3 संस्कृति

सांस्कृतिक तत्वों की अभिव्यक्ति प्रमुख रूप से भाषा के माध्यम से होती है। भाषा के

घटक रूप शब्द इन तत्वों के प्रतीक का कार्य करते हैं। अत: भाषा के माध्यम से हमारे रीति-रिवाज, खान-पान, पूजा-पाठ, संस्कार, त्यौहार आदि का प्रकाशन होता है। उर्दू भाषा प्रमुख रूप से अरबी, फ़ारसी और तुर्की संस्कृति से प्रभावित है। अत: हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों के प्रयोग से हम यह जान सकने में समर्थ हो सकते हैं कि हम मुस्लिम संस्कृति के कितने निकट हैं। उस संस्कृति का हमारे व्यवहार और जीवन दर्शन पर क्या प्रभाव है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि हम मुस्लिम संस्कृति का कितना उपभोग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए कुछ खाद्य पदार्थ लीजिए, पुलाव, कबाब, कीमा, बिर्यानी आदि पदार्थ भारतीय संस्कृति में नहीं आते। किन्तु आज हम उर्दू के माध्यम से परिचित हो गये हैं। पजामा, क़मीज़, शलवार, दस्ताना आदि पोशाक हमारे लिए विदेशी सभ्यता है। साक़ी, जाम, पैमाना, आशिक़, दाग़ेदिल आदि शब्द उर्दू संस्कृति के द्योतक हैं। पान, पानदान, पीकदान आदि उर्दू सभ्यता के अंग हैं। शहनाई, ताज़िया, कब्रिस्तान, शतरंज, राह, मस्नद, आशियाना आदि शब्द मुस्लिम सभ्यता और संस्कृति का परिचय देते हैं। यद्यपि हम इस संस्कृति से कोसों दूर हैं। तथापि इन शब्दों के प्रयोग ने हमें उस संस्कृति के निकट लाकर खड़ा किया है। परिणामस्वरूप, दो संस्कृतियों में आदान-प्रदान की प्रक्रिया अधिक गतिशील हुई है। भावात्मक एकता में यह कम महत्व की बात नहीं है।

सांस्कृतिक मूल्य का एक पक्ष और है। देश में सांस्कृतिक जागरण के कारण हम अपनी प्राचीन संस्कृति के तत्वों को पुन: स्वीकार करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसके लिए हिन्दी भाषा में भी बहुत कुछ परिवर्तन हो रहा है। प्राचीन रीति-रिवाज, ज्ञान-विज्ञान, दार्शनिक चिंतनधारा तथा धार्मिक विचारधारा को प्रकट करने के लिए अधिक से अधिक संस्कृत के शब्दों को स्वीकार कर रहे हैं। इसे स्वीकारने में यह संभव है कि व्यावहारिक हिन्दी में प्रचलित उर्दू शब्दों को या तो हम छोड़ ही दें या उनको स्थानापन्न करें।

5.4 शब्द परिचय की प्रविष्टियों के संबंध में-

(क) प्रत्येक मुख्य प्रविष्टि के आगे चार स्तंभ दिए गए हैं। उनका परिचय इस प्रकार है :-

प्रविष्टि हिन्दी में व्यवहृत उर्दू शब्द। इसमें दिए गए शब्दों के उच्चारण या वर्तनी के संबंध में मतभेद की गुंजाइश है। /क़/, /ग़/, /ज़/, /फ़/ आदि ध्वनियों के प्रयोग के निश्चित नियम न होने से लेखन और व्यवहार में इसके प्रयोग में एकरूपता नहीं है। पत्र-पत्रिकाओं तथा अन्य साहित्य के प्रकाशकों के एक बड़े वर्ग ने उर्दू की विशिष्ट ध्वनियों के लिए शब्द के नीचे बिन्दु देना छोड़ दिया। बिंदु देने न देने और वर्तनी की विविधता के विवाद से बचने के लिए इस कोश की मुख्य प्रविष्टियों में भी कहीं भी बिंदु नहीं दिया गया है।

स्तंभ 1- स्रोत। आगे उल्लिखित कोशों के, विशेषकर पहले कोश के आधार पर

प्रविष्टियों के अरबी, फ़ारसी आदि स्रोत का निर्धारण किया गया है।

संक़ेत-फ़ारसी के लिए - फा.; अरबी के लिए- अ.; फारसी और अरबी के लिए - फा०अ०; तुर्की के लिए - तु०।

स्तंभ 2- संकलित शब्दों की मूल वर्तनी (उच्चारण) नागरी लिपि में। मानक उच्चारण (वर्तनी) के लिए पहले कोश को ही आधार बनाया गया है। कई उर्दू शब्दों के मूल उच्चारण के संबध में कोशों में परस्पर मतभेद है।

संकेत 1- शब्द के भव्य ऐन (ع) ध्वनि के लिए (`) चिन्ह का प्रयोग किया गया है, जैसे ऐतिराज (اعتراض) ऐलान (اعلان) आदि। शब्द के आदि और अन्त में ऐन (ع) के लिए अ़ (आ़, इ़, ई़, उ़, ऊ़, ए़, ओ़) का प्रयोग किया गया है। जैसे आ़म (عام) जमअ़ (جمع)।

संकेत 2- शब्दांत आने वाली उर्दू की 'हे' (ہ) ध्वनि के लिए विसर्ग का (:) प्रयोग किया गया है। जैसे अन्दाज: (اندازہ), इशार:बाजी (اشارہ بازی), ज़मान: (زمانہ) बच्च: (بچہ) आदि। कहीं-कहीं 'ह' का प्रयोग भी हुआ है - दरगाह (درگاہ) बादशाह (بادشاہ) इत्यादि।

स्तंभ 3- अरबी फ़ारसी लिपि में मूल वर्तनी (उच्चारण)। इसकी विश्वसनीय वर्तनी के लिए पहले और दूसरे कोश को आधार बनाया गया है।

स्तंभ 4- हिन्दी के पर्याय। इसके निर्धारण के लिए अनेक कोशों (विशेषकर को.स. 1, 2 और 3) का सहयोग लिया गया है। पर्यायवाची शब्दों को निश्चित करने में मतभेद संभव है। भूलचूक भी संभव है।

संकेत 1- (x) चिह्न हिन्दी पर्याय का अभाव सूचित करता है अपर्याय।

2- (*) चिह्न अप्रचलित और कठिन पर्याय का बोधक है, जिसे भूमिका में अर्धपर्याय कहा गया है।

(ख) . प्रविष्टियों की अनिर्दिष्टित बातें

1. व्युत्पत्ति

प्रस्तुत अध्ययन की प्रविष्टियाँ व्यवहार के आधार पर चुनी गई हैं। अत: इनमें व्युत्पत्ति संबंधी प्रक्रिया नहीं दी गई है। हिन्दी में उर्दू शब्दों के व्यवहार में देखा गया है कि वे प्राय: रूढ़ शब्दों के रूप में प्रयुक्त होते हैं। व्युत्पत्ति ज्ञान का अभाव उनके प्रयोग और अर्थ

संप्रेषण में किसी प्रकार का बाधक नहीं बनता। जैसे अख़बार, औक़ात, जवाहर, बेहतरीन आदि शब्दों के अर्थ जानने के लिए यह आवश्यक नहीं कि उनके मूल ख़बर, वक्त, जौहर, बेहतर शब्दों को जाना जाए।

2. शब्द निर्माण

प्रस्तुत अध्ययन की निर्माण प्रक्रिया उर्दू में पर्याप्त विस्तृत है। जैसे 'बे' उपसर्ग से लगभग चार सौ शब्द बनते हैं। इसी प्रकार 'ना' 'बद' आदि उपसर्गों से क्रमश: लगभग 200-250 शब्द बनते हैं। किसी प्रकार के शब्द संकलन में इस निर्माण प्रक्रिया का समावेश अपेक्षित होता है। प्रस्तुत अध्ययन में इसका अभाव है। व्यवहार सापेक्षित होने के कारण इन प्रविष्टियों में निर्माण प्रक्रिया आंशिक रूप से अपनाई गई है। जैसे - 'बे' उपसर्ग से बेअदब, बेईमान, बेकार, बेगार, बेगारी, बेगुनाह; 'बद' से बदतमीज़, बदनाम, बदनसीब, बदनीयत, और 'ना' से नामंजूर, नामर्द, नामाकूल जैसे प्रचलित शब्दों को ही स्थान दिया गया है।

3. संयुक्त शब्द

प्रविष्टियों में दरियादिल, क़ाबिलेतारीफ़ नाजुकमिज़ाज, दिलो-दिमाग़ इत्यादि उर्दू के संयुक्त शब्द हिन्दी में रूढ़ एकल शब्दों के रूप में प्रयुक्त होते हैं। अत: इनका चुनाव किया गया है। अन्यथा संयुक्त शब्द प्रस्तुत अध्ययन की सीमा में नहीं आते।

4. व्याकरण

1. लिंग- प्रविष्टियों की लिंग संबंधी जानकारी नहीं दी गई है। इनके कारण हैं-

(अ) प्रस्तुत अध्ययन परम्परागत कोश कार्य नहीं है।

(ब) इन शब्दों के हिन्दी और उर्दू प्रयोगों में लिंग संबंधी कोई विशेष अन्तर नहीं है। हाँ, कुछेक शब्दों के लिंग के बारे में कोशों में ही मतभेद पाया गया।

2. वचन- इन प्रविष्टियों की वचन संबंधी प्रक्रिया हिन्दी व्याकरण के अनुकूल ही है। जैसे, उर्दू के क़ागज़ात, नतायज मकानात, बेगमात आदि बहुवचन शब्द हिन्दी में काग़ज़ नतीजे, मकान, बेगमें आदि रूपों का प्रयोग होता है, अत: इन प्रविष्टियों का वचन निर्देश भी नहीं किया गया है।

व्याकरण संबंधी विस्तृत विवरण के लिए पिछला 'उपसर्ग' 'प्रत्यय' प्रसंग द्रष्टव्य हैं।

3. शब्द भेद

इन प्रविष्टियों के संज्ञा, सर्वनाम विशेषणादि नहीं दिए गए हैं। हिन्दी में उर्दू शब्द प्राय: संज्ञा या विशेषण ही हैं और अपने मूल शब्द भेदों में ही प्रयुक्त होते हैं। उनका रूपांतर हिन्दी प्रत्यय जोड़कर भी किया जाता है।

5.5 संदर्भ कोश

1. उर्दू हिन्दी शब्द कोश : सं. मुहम्मद मुस्तफ़ा खाँ 'मद्दाह' प्रकाशक -हिन्दी समिति, प्रकाशन शाखा, सूचना विभाग उ.प्र., 1959

2. उर्दू हिन्दी कोश : सं. रामचन्द्र वर्मा, प्रकाशक-हिन्दी ग्रन्थ रत्नाकर, बम्बई, 1953

3. व्यावहारिक उर्दू : हिन्दी शब्द कोश: सं. सैयद असद अली, प्रकाशक- लिपि प्रकाशन, दिल्ली, 1977

4. उर्दू हिन्दी डिक्शनरी : अंजुमन-ए-तारीख़-ए-उर्दू (हिंद) अलीगढ़ 1955

5. फ़ीरोजुल्लुग़ात : सं. अल्हाज मौलवी फ़िरोजुद्दीन दीन, प्रकाशक-जे एस. संतसिंग अंड सन्स, दिल्ली, 1974

6. संक्षिप्त शब्द सागर : सं. रामचन्द्र वर्मा: प्रकाशक-काशी नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, संवत् 2008

7. मानक हिन्दी कोश : सं. रामचन्द्र वर्मा, प्रकाशक-साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, संवत् 2019

8. हिन्दी शब्द सागर : सं. श्यामसुन्दर दास, प्रकाशक-काशी नागरी प्रचारिणी सभा, बनारस

9. बृहत् हिन्दी कोश : सं. कालिका प्रसाद, प्रकाशक-ज्ञान मंडल लिमिटेड, बनारस।

10. हिन्दी भाषा पर फ़ारसी और अंग्रेजी का प्रभाव: ले. मोहन लाल तिवारी, प्रकाशक-नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, संवत् 2026

11. हिन्दी भाषा : ले. भोलानाथ तिवारी, प्रका.-किताब महल, इलाहाबाद।

5.6 कोश में प्रयुक्त संकेत-

अरबी	अ़.
फ़ारसी	फ़ा.
तुर्की	तु.
अरबी-फारसी	अ़.फ़ा. / फ़ा. अ़.
अर्धपर्याय	*
अपर्याय	x

अंगूर	फ़ा.	अंगूर	انگور	* द्राक्षा
अंगूरी	,,	अंगूरी	انگوری	x
अंजाम	,,	अंजाम	انجام	परिणाम, अंत
अंजीर	अ.	अंजीर	انجیر	
अंजुमन	फ़ा.	अंजुमन	انجمن	सभा, संस्था
अंदर	,,	अंदर	اندر	भीतर
अंदरूनी	,,	अंदरूनी	اندرونی	भीतरी, आंतरिक
अंदाज	,,	अंदाज़	انداز	शैली, हावभाव
अंदाजन्	,,	अंदाज़न्	اندازاً	लगभग
अंदाजा	,,	अंदाज़:	اندازہ	अनुमान
अंदेशा	,,	अंदेश:	اندیشہ	संभावना
अंबार	अ.	अंबार	امبار	ढेर
अक़लियत	,,	अक़ल्लीयत	اقلیت	अल्पसंख्यक
अकल	,,	अ़क़्ल	عقل	बुद्धि
अकलमंद	अ.फ़ा.	अ़क़्लमंद	عقل‌مند	बुद्धिमान
अक़ीदत	अ.	अ़क़ीदत	عقیدت	निष्ठा, विश्वास, श्रद्धा
अक्स	,,	अ़क्स	عکس	प्रतिबिंब, छाया
अक्सर	,,	अक्सर	اکثر	प्राय:
अक्सरियत	अ.फ़ा.	अक्सरियत	اکثریت	बहुसंख्यक
अखबार	,,	अख़्बार	اخبار	समाचारपत्र
अखबारी	,,	अख़्बारी	اخباری	x
अख्लाक	,,	अख़्लाक़	اخلاق	शिष्टाचार, सद्गुण
अगर	फ़ा.	अगर	اگر	यदि
अगरचे	,,	अगरचे	اگرچہ	यद्यपि
अचार	,,	अचार	اچار	x
अजदहा	,,	अज़्दहा	اژدہ	अजगर
अजनबी	अ.	अज्नबी	اجنبی	अपरिचित, अज्ञात
अजब	,,	अ़जब	عجب	अनोखा, विचित्र

अजमत	,,	अज़मत	عظمت	महिमा, महल, सम्मान
अजल	अ.	अजल	اجل	मृत्यु, मरण
अजान	,,	अज़ान-जाँ	اذاں	x
अजाब	,,	अज़ाब	عذاب	यातना, दंड
अजायब	,,	अजाइब	عجائب	विचित्रताएँ
अजायबखाना	अ.फ़ा.	अजाइबख़ान:	عجائب خانہ	* विचित्रालय
अजीज	अ.	अज़ीज़	عزیز	प्रिय, प्यारा
अजीब	,,	अजीब	عجیب	निराला, अद्भुत
अजीबोगरीब	,,	अजीबोग़रीब	عجیب و غریب	विचित्र
अजीम	,,	अज़ीम	عظیم	महान, विशाल
अजीमुश्शान	,,	अज़ीमुश्शान	عظیم اشان	महान्, विशाल, भव्य
अजूबा.	अ.	अजूब:	عجوبہ	अनोखी
अतराफ	,,	अत्राफ़	اطراف	चतुर्दिक
अता	,,	अ़ता	عطا	प्रदान, पुरस्कार
अत्तार	अ.	इतार	عطار	* सुगंधकार
अदद	,,	अ़दद	عدد	संख्या, अंक
अदना	अ.	अ़दना	ادنا	तुच्छ
अदब	,,	अदब	ادب	शिष्टाचार, सभ्यता
अदबी	,,	अदबी	ادبی	साहित्यिक
अदा	फ़ा.	अदा	ادا	* हावभाव
अदा	अ.	अदा	ادا	चुकाना
अदाकार	फ़ा.	अदाकार	اداکار	अभिनेता
अदायगी	अ.	अदाइगी	ادائگی	देय
अदालत	,,	अ़दालत	عدالت	न्यायालय
अदालती	फ़ा.	अ़दालती	عدالتی	न्यायालयी
अदावत	अ.	अ़दावत	عداوت	शत्रुता, बैर
अदावती	,,	अ़दावती	عداوتی	शत्रुतापूर्ण
अदीब	,,	अदीब	ادیب	साहित्यकार, कलाकार
अनकरीब	अ.	अनक़रीब	عنقریب	सन्निकट

अनवर	,,	अन्वर	انور	उज्जवलतम
अनार	फ़ा.	अनार	انار	* दाड़िम
अनारदाना	,,	अनारदान:	اناردانہ	x
अनासिर	अ़.	अ़नासिर	عناصر	पंचभूत, पंचतत्व
अफ़जा	फ़ा.	अफ़्ज़ा	افزا	वर्धक
अफराद	अ़.	अफ़्राद	افراد	व्यक्ति
अफलातून	,,	अफ़्लातून	افلاطون	x
अफवाह	,,	अफ़्वाह	افواہ	जनुश्रुति, किंवदन्ती
अफसाना	फ़ा.	अफ़्सान:	افسانہ	कहानी, व्यथा-कथा
अफसोस	,,	अफ़्सोस	افسوس	खेद, शोक
अफसोसनाक	,,	अफ़्सोसनाक	افسوسناک	दयनीय, दु:खद, अशुभ
अबर	फ़ा(सं.१)	अब्र	ابر	बादल, मेघ
अबरक	,, ,,	अब्रक	ابرک	अभ्रक
अबाबील	अ़.	अबाबील	ابابیل	* भांड़की
अबीर	अ़.	अ़बीर	عبیر	x
अमन	,,	अम्न	امن	शांति
अमनपसंद	,,	अम्नपसंद	امن پسند	शांतिप्रिय
अमरुद	फ़ा.	अमरुद	امرود	x
अमल	अ़.	अ़मल	عمل	कार्य, क्रियान्वयन, कृत्य
अमला	,,	अ़मल:	عملہ	कर्मचारी वर्ग
अमली	,,	अ़म्ली	عملی	कर्मठ, कर्मनिष्ठ
अमानत	अ़.	अमानत	امانت	थाती, धरोहर
अमानती	,,	अमानती	امانتی	x
अमीन	,,	अमीन	امین	सत्यनिष्ठ, न्यासधारी
अमीर	अ़.	अमीर	امیر	सम्पन्न, धनवान, धनी
अमीरजादा	अ़.फ़ा.	अमीरज़ाद:	امیرزادہ	धनीपुत्र, आर्यपुत्र
अमीराना	,, ,,	अमीरान:	امیرانہ	x
अमीरी	अ़.	अमीरी	امیری	सम्पन्नता
अयाँ	,,	अ़याँ	عیاں	स्पष्ट, दृष्टिगोचर

अयाल	तु.	अयाल	عیال	x
अय्यार	अ.	अ़य्यार	عیار	धूर्त, वंचक, छली
अय्याश	,,	अ़य्याश	عیاش	व्यभिचारी
अरक	अ.	अ़र्क़	عرق	मदिरा, जल, काढ़ा
अरब	,,	अ़रब	عرب	अरबवासी
अरबी	,,	अ़रबी	عربی	x
अरमान	तु.	अर्मान	ارمان	आकांक्षा, अभिलाषा
अरसा	अ.	अ़रस:	عرصہ	समय, अवधि
अरस्तू	,,	अरस्तू	ارسطو	x
अरफ़ात	,,	अ़रफ़ात	عرفات	x
अर्ज	अ.	अ़र्ज़	عرض	प्रार्थना, निवेदन
अर्जी	,,	अ़र्ज़ी	عرضی	प्रार्थनापत्र, आवेदन पत्र
अर्जीनवीस	फा.	अ़र्ज़ीनवीस	عرضی نویس	x
अलगरज	अ.	अलग़र्ज़	الغرض	तात्पर्य (यह कि)
अलगोजा	,,	अलग़ोज़:	الغوزہ	* बॉसुरी
अलफाज	,,	अल्फ़ाज	الفاظ	शब्द
अलबत्ता	,,	अल्बत्त:	البتہ	परन्तु, किन्तु
अलम	,,	अलम	الم	क्लेश, दु:ख
अलम	,,	अ़लम	علم	ध्वज, पताका
अलमनाक	अ.फा.	अलमनाक	المناک	खेदजनक, कष्टप्रद
अलमबरदार	,,	अ़लम बरदार	علم بردار	ध्वजवाहक
अलमस्त	फा.	अल्मस्त	الست	मत्त, मस्त
अलविदा	अ.	अलवेदाअ़	الوداع	बिदाई, बिदा
अलानिया	अ.	अ़लानिय:	علانیہ	स्पष्ट, खुल्लमखुल्ला
अलामत	अ.	अ़लामत	علامت	लक्षण, चिह्न
अलाहदा	,,	अलाहद:	علاحدہ	अलग, पृथक
अलिफ	,,	अलिफ़	الف	x
अली	,,	अ़ली	علی	उच्च
अलीम	,,	अ़लीम	علیم	सर्वज्ञ, महाज्ञानी

आखिर	अ.	आख़ीर	آخر	अंत
आखिरकार	,,	आख़िरकार	آخرکار	अन्ततोगत्वा
आखिरी	,,	आख़िरी	آخری	अंतिम
आगाज	फ़ा.	आग़ाज़	آغاز	आरंभ, आदि
आगाह	,,	आगाह	آگاہ	सचेत, सावधान
आगोश	,,	आग़ोश	آغوش	अंक, गोद
आजम	अ.	आज़म	اعظم	महान, विशाल
आज़माइश	फ़ा.	आज़्माइश	آزمائش	परीक्षा, परख
आजाद	,,	आज़ाद	آزاد	स्वतंत्र, निरंकुश
आजादी	,,	आज़ादी	آزادی	स्वतंत्रता, निरंकुशता
आजिज	अ.	आजिज़	عاجز	असहाय, निराश्रित, विनम्र
आजिजी	अ.	आजिज़ी	عاجزی	असहायता, विनम्रता
आतिश	फ़ा.	आतिश	آتش	आग, अग्नि
आतिशदान	,,	आतिशदान	آتش دان	अंगीठी
अतिशपरस	,,	आतिशपरस्त	آتش پرست	अग्निपूजक
आतिशबाजी	,,	आतिशबाज़ी	آتش بازی	* अग्निक्रीड़ा
आदत	अ.	आदत	عادت	प्रकृति, स्वभाव
आदतन	,,	आदतन	عادتاً	स्वभावत:
आदम	,,	आदम	آدم	मानव, मनु
आदमक़द	,,	आदमक़द	آدم قد	x
आदमखोर	अ. फ़ा.	आदमख़ोर	آدم خور	मानवभक्षी
आदमजाद	अ. फ़ा.	आदमज़ाद	آدم زاد	* मनुष्य
आदमियत	अ.	आदमियत	آدمیت	मानवता, मनुष्यता
आदमी	,,	आदमी	آدمی	मनुष्य
आदाब	,,	आदाब	آداب	नमस्कार, प्रणाम
आदी	,,	आदी	عادی	अभ्यस्त व्यसनी
आन	फ़ा.	आन	آن	बात, टेक
आनन	अ.	आनन,		
फ़ानन		फ़ानन	آناً فاناً	तुरंत, तत्क्षण

आपा	तु.	आपा	آپا	दीदी, जीजी
आफत	फ़ा.	आफ़त	آفت	संकट, विपत्ति, कष्ट, दुख
आफताब	,,	आफ़ताब	آفتاب	सूर्य, सूरज
आब	,,	आब	آب	पानी, जल
आबकारी	,,	आबकारी	آبکاری	मद्य-विभाग
आबदार	,,	आबदार	آبدار	चमकदार
आबनूस	,,	आब्नूस	آبنوس	x
आबपाशी	फ़ा.	आबपाशी	آب پاشی	सिंचाई
आबरू	,,	आबरू	آبرو	इज्जत, प्रतिष्ठा
आबाद	,,	आबाद	آباد	* बसित
आबादी	,,	आबादी	آبادی	जनसंख्या
आबी	,,	आबी	آبی	* जलीय
आबोदाना	,,	आबोदान:	آب دانہ	अन्न-जल
आबोहवा	,, अ.	आबोहवा	آب وہوا	जलवायु
आम	अ.	आ़म	عام	सार्वजनिक, सर्वसाधारण
आमफहम	अ. फ़ा.	आ़मफ़हम	عام فہم	सरल, साधारण
आमद	फ़ा.	आमद	آمد	आय, आगमन
आमदनी	,,	आमदनी	آمدنی	आय
आमदोरफ्त	,,	आमदोरफ़्त	آمدورفت	यातायात
आमादा	,,	आमाद:	آمادہ	उद्यत, तत्पर
आमीन	अ.	आमीन	آمین	तथास्तु
आयत	,,	आयत	آیت	चिह्न
आया	फ़ा.	आया	آیا	क्या?
आया	पु.	आया	آیا	धाई, दाई
आरजू	फ़ा.	आर्ज़ू	آرزو	इच्छा, मनोकामना
आरजूमंद	,,	आर्ज़ूमंद	آرزومند	इच्छुक, अभिलाषी
आराम	फ़ा.	आराम	آرام	सुख, चैन, विश्राम
आरामकुर्सी	,,	आरामकुर्सी	آرام کرسی	x
आरामगाह	,,	आरामगाह	آرام گاہ	x

आरामतलब	,,	आरामतलब	آرام‌طلب	x
आरामदेह	,,	आरामदेह	آرامده	सुखप्रद, सुखद
आरामपंसद	,,	आरामपंसद	آرام‌پسند	विलासप्रिय
आलम	अ.	आलम	عالم	जगत्, दुर्दशा
आलमगीर	अ.फ़ा.	आलमगीर	عالمگیر	विश्वव्यापी, विश्वविजयी
आलमी	अ.	आलमी	عالمی	सांसारिक
आला	अ.	आला	اعلا	उत्तम, श्रेष्ठ
आला	अ.	आलः	آلہ	उपकरण
आलिम	अ.	आलिम	عالم	पंडित, विद्वान
आलीशान	फ़ा.	आलीशान	عالیشان	महान, श्रेष्ठ
आलूचा	अ.	आलूचः	آلوچہ	x
आलूबुखारा	फ़ा.	आलूबुख़ारा	آلوبخارا	x
आवाज	,,	आवाज़	آواز	स्वर, ध्वनि
आवारगी	,,	आवारगी	آوارگی	उच्छृखंलता
आवारा	,,	आवारः	آوارہ	* दुश्चरित्र, निकम्मा, घुमंतू
आवारागर्दी	,,	आवरः गर्दी	آوارہ‌گردی	उच्छृखंलता
आशनाई	,,	आश्नाई	آشنائی	मित्रता, मैत्री
आशिक	अ.	आशिक़	عاشق	प्रेमी, अनुरागी
मिजाज		मिजाज	عاشق‌مزاج	* प्रेम प्रवण
आशिकाना	,,	आशिक़ानः	عاشقانہ	* प्रेमपूर्ण
आशिकी	अ.	आशिक़ी	عاشقی	प्रेम, अनुराग
आशियाना	फ़ा.	आश्याँ	آشیاں	नीड़, घोंसला
आसमान	,,	आस्मान-स्माँ	آسمان	आकाश
आसमानी	,,	आस्मानी	آسمانی	* वायवीय
आसान	,,	आसान	آسان	सरल
आसानी	,,	आसानी	آسانی	सरलता
आसार	अ.	आसार	آثار	लक्षण, चिन्ह
आस्तीन	फ़ा.	आस्तीन	آستین	x

आह!	,,	आह	آہ	हाय, उच्छ्वास
आहा!	,,	आहा	آہا	वाह–वाह
आहिस्ता	,,	आहिस्त:	آہستہ	धीमा, धीरे

इ– ا इ– ع

इंजील	अ.	इंजील	انجیل	बाइबिल
इंतेकाल	,,	इंतिक़ाल	انتقال	मृत्यु, मरण
इंतेकाम	,,	इंतिक़ाम	انتقام	बदला, बैरबुद्वि
इंतेखाब	,,	इंतिख़ाब	انتخاب	चुनाव, निर्वाचन
इंतेजाम	,,	इंतिज़ाम	انتظام	प्रबंध
इंतेजार	,,	इंतिज़ार	انتظار	प्रतीक्षा
इंतेहा	,,	इंतिहा	انتہا	पराकाष्ठा, हद
इंतेहाई	,,	इंतिहाई	انتہای	अत्यधिक, बहुत
इंदिराज	,,	इंदिराज	اندراج	प्रविष्टि
इंसान	,,	इंसान, साँ	انسان	मानव
इंसानितय	,,	इंसानियत	انسانیت	मनुष्यता, मानवता
इंसाफ	,,	इंसाफ़	انصاف	न्याय
इंसाफ पसन्द	,,	इंसाफ़ पसन्द	انصاف پسند	न्यायप्रिय
इकबाल	,,	इक़्बाल	اقبال	प्रताप, तेज, सौभाग्य
इकबाली	,,	इक़्बाली	اقبالی	x
इकबालेजुर्म	,,	इक़्बाले जुर्म	اقبال جرم	स्वीकारोक्ति
इकरार	अ.	इक़्रार	اقرار	स्वीकृति, वचन
इकरारनामा	अ. फ़ा.	इक़्रारनाम:	اقرارنامہ	संधिपत्र, संविदा
इख़्तियार	,,	इख़्तियार	اختیار	अधिकार
इजलास	,,	इज्लास	اجلاس	न्यायालय, सभा
इजहार	,,	इज़्हार	اظہار	प्रकट
इजाजत	,,	इजाज़त	اجازت	अनुमति
इजाफा	,,	इज़ाफ़:	اضافہ	वृद्धि
इज्जत	,,	इज़्ज़त	عزّت	सम्मान, प्रतिष्ठा

इज्जतदार	,,	इज़्ज़तदार	عزتدار	प्रतिष्ठावान
इतमीनान	,,	इत्मीनान	اطمنان	धीरज, विश्वास, धैर्य
इत्तेफाक	,,	इतिफ़ाक़	اتفاق	संयोग, दैवयोग
इत्तेफाकन	,,	इत्तिफ़ाक़न्	اتفاقاً	सहसा, अकस्मात
इत्तेला	,,	इत्तिलाअ़	اطلاع	सूचना
इत्तेहाद	,,	इत्तिहा्द	اتحاد	एकता, मैत्री
इत्र	,,	इ़त्र	عطر	x
इत्रदान	अ. फ़ा.	इ़त्रदान	عطردان	x
इदारा	,,	इदार:	اداره	संस्था, सभा
इनाम	,,	इन्आ़म	انعام	पुरस्कार,उपहार
इनायत	,,	इ़नायत	عنایت	कृपा, अनुकंपा
इन्कार	,,	इन्कार	انکار	अस्वीकार
इन्कलाब	,,	इन्क़िलाब	انقلاب	क्रांति
इन्कलाबी	,,	इन्क़िलाबी	انقلابی	क्रांतिकारी
इफरात	,,	इफ़्रात़	افراط	प्रचुरता, बाहुल्य
इबतेदा	,,	इब्तिदा	ابتدا	आरंभ
इबादत	,,	इ़बादत	عبادت	पूजा, उपासना
इबारत	,,	इ़बारत	عبارت	लेख, अक्षरविन्यास
इमदाद	,,	इम्दाद	امداد	सहायता
इमला	,,	इम्ला	املا	श्रुतलेख, वर्तनी
इमाम	,,	इमाम	امام	* पुजारी, नेता
इमारत	,,	इ़मारत	عمارت	भवन
इमारती	अ़.	इ़मारती	عمارتی	x
इम्तेहान	,,	इम्तिहान	امتحان	परीक्षा, जाँच
इरादतन	,,	इरादतन्	ارادتاً	x
इरादा	,,	इराद:	اراده	संकल्प, निश्चय
इर्दगिर्द	फ़.	इर्दगिर्द	اردگرد	आस पास
इलहाम	अ़.	इलहाम	الہام	* देववाणी, आकाशवाणी
इलाका	,,	इलाक़:	علاقہ	क्षेत्र, प्रदेश

इलाज	,,	इ़लाज	علاج	उपचार
इलाही	,,	इलाही	الٰہی	ईश्वर
इल्जाम	,,	इल्ज़ाम	الزام	दोष, आरोप
इल्तेजा	,,	इल्तिजा	التجا	प्रार्थना, अनुरोध
इल्म	,,	इ़ल्म	عِلم	ज्ञान, विद्या
इशारा	,,	इशारः	اشارہ	संकेत
इशारा बाजी	,,	इशारः बाज़ी	اشارہ بازی	x
इश्क	,,	इ़श्क़	عِشق	प्रेम, प्यार
इश्कबाजी	,,	इश्कबाज़ी	عِشق بازی	x
इश्तेहार	,,	इश्तिहार	اشتہار	विज्ञापन
इसलाम	,,	इस्लाम	اسلام	x
इसलाह	,,	इस्लाह	اصلاح	सुधार, संशोधन
इस्तकबाल	,,	इस्तिक़बाल	استقبال	स्वागत
इस्तीफा	,,	इस्तिफ़ा	استیفع	त्यागपत्र
इस्तेगासा	,,	इस्तिग़ास़ः	استغاثہ	आवेदन, वाद
इस्तेमाल	,,	इस्तेमाल	استمال	उपयोग

عی-ई़ ای-ई

ईजाद	अ़.	ईजाद	ایجاد	आविष्कार
ईद	,,	ईद	عید	पर्व, त्योहार
ईदगाह	अ. फ़.	ईदगाह	عیدگاہ	x
ईदी	अ़.	ई़दी	عیدی	x
ईमान	,,	ईमान	ایمان	भरोसा, कर्त्तव्य
ईमानदार	,,	ईमानदार	ایماندار	भरोसेमंद,
ईसवी	,,	ई़सवी	عیسوی	संवत्
ईसा	,,	ईसा	عیسا	x
ईसाई	,,	ईसाई	عسائی	

उ- اُ, उ़- عُ

उज्र	अ़.	उज़्र	عُذر	आपत्ति
उज्रत	,,	उज्रत	اُجرت	पारिश्रमिक
उज्रदारी	,,	उज़्रदारी	عُذرداری	शिकायत, आपत्ति
उफ	,,	उफ़	اُف	ओह!
उमदा	,,	उ़म्द:	عُمدہ	उत्तम, बढ़िया
उमर	,,	उ़म्र	عُمر	वय, आयु, अवस्था
उमूमन	,,	उ़मूमन	عُموماً	प्रायः, बहुधा
उम्मीद	फ़ा.	उमीद	اُمید	आशा
उम्मीदवार	,,	उम्मीदवार	اُمیدوار	प्रत्याशी
उर्दू	तु.	उर्दू	اُردو	x
उर्फ	अ़.	उ़र्फ़	عُرف	उपनाम
उर्स	,,	उ़र्स	عُرس	x
उलमा	,,	उ़लेमा	عُلما	* धर्मोपदेशक, विद्वज्जन
उसूल	,,	उसूल	اُصول	सिद्धान्त
उस्तरा	फ़ा.	उस्तुर:	اُسترہ	x
उस्ताद	,,	उस्ताद	اُستاد	गुरु, शिक्षक, अध्यापक

ऊ- عو

ऊद	अ़.	ऊ़द	عود	अगरू
ऊदा	फ़ा.	ऊ़दा	عودا	रंग (बैंजनी)

ए- اے, ए़- ع

ए!	फ़ा.	ए!	اے	ऐ! आदि
एख्तियार	अ़.	इख़्तियार	اختیار	अधिकार, सत्ता
एतबार	अ़.	एतिबार	اعتبار	विश्वास
एतराज	,,	एतिराज	اعتراض	आपत्ति
एलान	,,	ऐलान	اعلان	घोषणा
एवज़	,,	एवज़	عوض	प्रतिफल

एवजी	,,	एवज़ी	عوضی	स्थानापन्न, प्रतिफलित
एहतियात	,,	एह़तियात़	احتیاط	सावधानी, चौकसी
एहतियातन	,,	एह़तियात़न्	احتیاطاً	सावधानत:
एहसान	,,	एहसान	احسان	उपकार, आभार
एहसान फरामोश	अ़. फ़ा.	एहसान फरामोश	احسان فراموش	कृतघ्न
एहसानमंद	फ़ा.	एहसानमंद	احسان مند	कृतज्ञ
एहसास	,,	एह्सास	احساس	अनुभूति

ऐ- اے ऐ़-اع

ऐनक	अ़.	ऐ़नक	عینک	* उपचक्षु
ऐब	,,	ऐ़ब	عیب	दोष, बुराई
ऐय्यार	,,	ऐ़यार	عیار	* बवचंक, छली
ऐय्याश	,,	ऐ़याश	عیاش	विलासी
ऐय्याशी	,,	ऐ़य्याशी	عیاشی	विलासिता
ऐश	,,	ऐ़श	عیش	भोग विलास

ओ- او ओ़-عو

ओहदा	अ़.	ओ़हद:	عہدہ	पद
ओहदेदार	अ. फ़.	ओ़हद:दार	عہدیدار	पदाधिकारी

औ- اَو औ़-عَو

औकात	अ़. फ़ा.	औक़ात	اوقات	मर्यादा, सामर्थ्य
औजार	,,	औज़ार	اوزار	उपकरण
औरत	,,	औ़रत	عورت	स्त्री, नारी, पत्नी
औलाद	,,	औलाद	اولاد	संतान
औलिया	,,	औलिया	اولیا	उत्तराधिकारी गण, ऋषिगण
औसत	,,	औसत़	اوسط	x

कंगूरा	फ़ा.	कंगूर:	کنگورہ	x
कंदील	,,	क़ंदील	قندیل	x
कतार	अ़.	क़त़ार	قطار	पंक्ति
कतई	,,	क़त़ई	قطعی	* कदापि
कतरा	,,	क़त्र:	قطرہ	बूंद
कतल	,,	क़त्ल	قتل	वध, हत्या
कतलेआम	,,	क़त्लेआम	قتل عام	x
कद	,,	क़द (क़द्द)	قد	डील, ऊँचाई
कदम	,,	क़दम	قدم	पांव, पग, चरण
कदम-ब-कदम	,,	क़दम-ब-क़दम	قدم بقدم	* पग-पग
कदर	,,	क़द्र	قدر	सम्मान, मात्रा
कदरदान	अ़. फ़ा.	क़द्रदाँ	قدردان	गुणग्राहक, गुणज्ञ
कद्दावर	,,	क़द्दावर	قدآور	लंबा, तडंगा
कद्दू	फ़ा.	कद्‌दू	کدو	लौकी
कद्दूकश	,,	कदूकश	کدوکش	x
कनात	तु.	क़नात	قناعت	x
कफ	फ़ा.	कफ़	کف	फेन, झाग
कफन	अ़.	कफ़न	کفن	x
कबजा	,,	क़ब्ज:	قبضہ	अधिकार, वश
कबाब	,,	कबाब	کباب	x
कबायली	अ़.	कबाइली	قبائلی	x
कबीला	,,	क़बील:	قبیلہ	जत्था, झुंड
कबूतर	फ़ा.	कबूतर	کبوتر	कपोत
कबूतरखाना	,,	कबूतरख़ान:	کبوترخانہ	x
कबूतरबाज	,,	कबूतरबाज़	کبوترباز	x
कबूल	अ़.	क़बूल	قبول	स्वीकार
कब्ज	,,	क़ब्ज	قبض	अजीर्ण, कोष्ठ
कब्र	अ.	क़ब्र	قبر	* समाधि बद्धता

कब्रगाह	,,	क़ब्रगाह	قبرگاہ	* समाधि भवन
कब्रपरस्त	फ़ा.	क़ब्रपरस्त	قبرپرست	x
कब्रस्तान	,,	क़ब्रिस्तान	قبرستان	* श्मशान
कमंद	,,	क़मंद	قمند	* पाश
कम	फ़ा.	कम	کم	अल्प, थोड़ा
कमअक्ल	अ.	कमअक़्ल	کم عقل	अल्पबुद्धि
कमउमर	,,	कमउ़म्र	کم عمر	अल्प वयस्क
कमजकम	,,	कमअज़कम	کم از کم	x
कमजोर	अ़	कमज़ोर	کمزور	निर्बल
कमजोरी	,,	कमज़ोरी	کمزوری	निर्बलता
कमतर	फ़ा.	कमतर	کمتر	न्यूनतर
कमतरीन	,,	कमतरीन	کمترین	न्यूनतम
कमबख्त	,,	कमबख़्त	کم بخت	अभागा
कमर	,,	कमर	کمر	कटि
कमरबंद	,,	कमरबंद	کمربند	नाड़ा
कमसिन	,, अ़	कमसिन	کم سن	अल्पवयस्क
कमान	,,	कमान	کمان	धनुष
कमानदार	,,	कमानदार	کماندار	धनुषाकार
कमानी	,,	कमानी	کمانی	x
कमाल	अ.	कमाल	کمال	अद्भुत, आश्चर्य
कमी	फा.	कमी	کمی	न्यूनता
कमीज	अ.	क़मीज़	قمیض	x
कंमीना	फा.	कमीन:	کمینہ	नीच, अधम
कमोबेश	,,	कमोबेश	کم و بیش	थोड़ा बहुत, न्यूनाधिक
कयामत	,,	क़यामत	قیامت	प्रलय
करघा	,,	करगह	کرگہ	x
करम	अ.	करम	کرم	दया, कृपा
करामात	अ.	करामात	کرامات	चमत्कार
करामाती	अ.	करामाती	کراماتی	चमत्कारी

करार	,,	क़रार	قرار	सांत्वना, शांति
करिश्मा	फां.	किरिश्म:	کرشمہ	चमत्कार, आश्चर्य
करीना	अ.	क़रीन:	قرینہ	* व्यवस्था
करीब	,,	क़रीब	قریب	निकट, समीप
कर्ज	,,	क़र्ज़	قرض	ऋण, उधार
कर्जदार	,, फ़ा.	क़र्ज़दार	قرضدار	ऋणी
कर्बला	फ़ा.	कर्बला	کربلا	x
कलंदर	,,	क़लंदर	قلندر	x
कलई	अ़.	क़लई़	قلعی	x
कलगी	तु.	कलग़ी	کلگی	* मौर
कलफ	अ़.	कलफ़	کلف	झाईं
कलम	,,	क़लम	قلم	लेखनी
कलमदान	अ़. फ़ा.	क़लमदान	قلمدان	x
कलमा	अ़.	कलिम:	کلمہ	वचन, धर्ममंत्र, वाक्य
कलमी	,,	क़लमी	قلمی	x
कलाबाज	फ़ा.	क़लाबाज़	قلاباز	x
कलाम	अ़.	कलाम	کلام	वाणी, शब्द, कथन
कल्ला	फ़ा.	कल्ल:	کلہ	गाल
कवायद	,,	क़वाइद	قواعد	व्याकरण, नियम
कव्वाल	,,	क़व्वाल	قوّال	x
कव्वाली	,,	क़व्वाली	قوّالی	x
कश	,,	कश	کش	दम, खींच
कशमकश	,,	कशमकश	کشمکش	खींचतानी, संघर्ष
कशिश	,,	कशिश	کشش	आकर्षण, खिंचाव
कसबा	अ़.	क़स्ब:	قصبہ	x
कसम	,,	क़सम	قسم	सौगन्ध
कसरत	,,	कस्रत	کثرت	बाहुल्य, प्राचुर्य
कसरत	,,	कसरत	کسرت	व्यायाम
कसरती	,,	कस्रती	کسرتی	x

कसीदा	फ़ा.	कशीद:	کشیده	कढ़ाई
कसीदाकार	,,	कसीद:कार	کشیدہ کار	x
कसीदाकारी	,,	कशीद:कारी	کشیدہ کاری	x
कसाई	अ़.	क़स्साई	قسائی	* वधिक, निष्ठुर
कहकहा	फ़ा.	क़हक़ह:	قہقہ	अट्टहास
कहर	अ.	क़ह	قہر	संकट, विपत्ति
कहवा	,,	क़हव:	قہوہ	x
काका	तु.	काका	کاکا	चाचा
काग़ज़	अ़.	काग़ज	کاغز	x
काग़ज़ात	,,	काग़ज़ात	کاغزات	x
काग़जी	,,	काग़जी	کاغزی	x
काज़ी	,,	क़ाज़ी	قاضی	x
कातिब	,,	कातिब	کاتب	लिपिक, लेखक
कातिल	,,	क़ातिल	قاتل	* बधिक
कानून	,,	क़ानून	قانون	विधान, नियम
कानूनी	,,	क़ानूनी	قانونی	वैधानिक
कानूनगो	अ़. फ़ा.	कानूनगो	قانون گو	x
कानूनची	,,	क़ानूनची	قانون چی	x
कानूनदाँ	अ़.	क़ानूनदाँ	قانون دان	विधानवेत्ता विधिवेत्ता
कानूनसाज	अ़. फ़ा.	क़ानूनसाज़	قانون ساز	विधायक, विधायिका
कानूनन	अ़.	क़ानूनन्	قانوناً	विधानत:
काफ़िर	,,	काफ़िर	کافر	x
काफ़िला	,,	क़ाफ़िल:	قافلہ	* यात्री दल
काफ़ी	,,	काफ़ी	کافی	पर्याप्त
काफ़ूर	फ़ा.	काफ़ूर	کافور	कपूर, लुप्त
काबा	अ़.	काब:	کعبہ	x
क़ाबिज़	अ.	क़ाबिज़	قابض	अधिकृत
काबिल	,,	क़ाबिल	قابل	योग्य, दक्ष
काबिलीयत	अ.	क़ाबिलीयत	قابلیت	योग्यता, दक्षता

काबिलेतारीफ़	,,	क़ाबिले-तारीफ़	قابل تعریف	प्रशंसनीय
काबू	,, (तु.)	क़ाबू	قابو	वश, अधिकार
कामयाब	फ़ा.	कामयाब	کامیاب	सफल
कामयाबी	,,	कामयाबी	کامیابی	सफलता
कायदा	अ़.	क़ाइद:	قاعدہ	नियम, प्रथा
कायनात	,,	काइनात	کائنات	ब्रह्मांड,जगत्
कायम	,,	क़ाइम	قائم	स्थिर, दृढ़, अटल
कायल	अं.	क़ाइल	قائل	वक्ता, निरूत्तर, अभीभूत
कारकुन	फ़ा.	कारकुन	کارکن	कार्यकर्ता
कारखाना	,,	कारख़ान:	کارخانہ	x
कारगर	,,	कारगर	کارگر	प्रभावकारी, उपयोगी
कारचोबी	,,	कारचोबी	کارچوبی	x
कारगुज़ारी	,,	कारगुज़ारी	کارگزاری	* कार्यपटुता
कारनामा	,,	कारनाम:	کارنامہ	x
कारवान	,,	कार्वान	کاروان	यात्रीदल
कारसाजी	,,	कारसाज़ी	کارسازی	* महिमा ईश्वर की माया)
कार्रवाई	,,	कार्रवाई	کاروائی	कार्यवाही
कारिन्दा	,,	कारिन्द:	کارندہ	* कर्मचारी
कारिस्तानी	,,	कारस्तानी	کارستانی	कृत्य, कर्म
कारीगर	,,	कारीगर	کاریگر	शिल्पकार
कारोबार	,,	कारोबार	کاروبار	व्यवसाय, व्यापार
कालीन	तु.	क़ालीन	قالین	x
काश!	फ़ा.	काश!	کاش	x
काश्त	,,	काश्त	کاشت	खेती, कृषि
काश्तकार	,,	काश्तकार	کاشتکار	कृषक
काश्तकारी	,,	काश्तकारी	کاشتکاری	कृषिकार्य
काहिल	अ़.	काहिल	کاہل	आलसी
किताब	अ़.	किताब	کتاب	पुस्तक, ग्रंथ
किताबी	अं.	किताबी	کتابی	पुस्तकीय

किनारा	फ़ा.	कनार:	کناره	तट
किफ़ायत	अ़.	किफ़ायत	کِفایت	बचत
किफायती	,,	किफ़ायती	کِفایتی	अल्पव्ययी
किबला	,,	क़िब्ल:	قِبلہ	* माननीय, महोदय
किमखाब	फ़ा.	कमख़ाब	کم‌خواب	x
किराया	अ़.	किराय:	کِرایہ	भाड़ा
किरायानामा	फ़ा.	किराय:नाम:	کرایہ‌نامہ	x
किरायेदार	अ़. फ़ा.	किराय:दार	کِرایہ‌دار	x
किला	,,	क़िल्अ़:	قِلعہ	दुर्ग, गढ़
क़िल्लत	,,	क़िल्लत	قِلت	अभाव, कमी
किशमिश	फ़ा.	किश्मिश	کِش مِش	x
किशमिशी	,,	किशमिशी	کشمِش	x
किश्ती	,,	कश्ती	کشتی	नौका, नाव
किस्त	अ़.	क़िस्त़	قسط	* भाग, अंश
किस्म	,,	क़िस्म	قِسم	प्रकार, भेद
किस्मत	,,	क़िस्मत	قسمت	भाग्य
क़िस्सा	,,	क़िस्स:	قصّہ	कथा, कहानी
कीमत	अ़.	क़ीमत	قیمت	दाम, मूल्य
कीमती	,,	क़ीमती	قیمتی	मूल्यवान
कीमा	फ़ा.	क़ीम:	قیمہ	x
कीमियागर	अ़. फ़ा.	कीमियागर	کیمیاگر	x
कुंद	फ़ा.	कुंद	کند	मंद, कुंठित
कुंदा	,,	कुंद:	کندہ	x
कुतुबखाना	अ़.	कुतुबख़ान:	کتب‌خانہ	पुस्तकालय
कुतुबनुमा	अ़. फ़ा.	क़ुत्बुनुमा	قطب‌نما	दिग्दर्शक
कुदरत	अ़.	क़ुद्रत	قدرت	प्रकृति
कुदरती	,,	क़ुद्रती	قدرتی	प्राकृतिक, ईश्वरीय
कुफ़्ल	,,	कुफ़्ल	قفل	x
कुफ़्र	अं.	कुफ़्र	کفر	कृतघ्नता

कुमुक	तु.	कुमुक	کمک	*
कुरान	अ.	कुरान	قران	x
कुर्क	तु.	कुर्क़	قرق	x
कुर्की	,,	कुर्क़ी	قرقی	x
कुर्त्ता	तु.	कुर्त:	کرتہ	x
कुर्बान	अ.	कुर्बान	قربان	बलि, न्यौछावर
कुर्बानी	अ.	कुर्बानी	قربانی	* त्याग, बलि
कुर्सी	,,	कुर्सी	کرسی	x
कुल	,,	कुल	کل	सब, सर्व
कुलफी	,,	कुल्फ़ी	کلفی	x
कुली	तु.	कुली	قلی	* सेवक, भारवाहक
कूव्वत	अ.	कूव्वत	قوت	शक्ति, बल
कुश्ती	फ़ा.	कुश्ती	کشتی	मल्लयुद्ध
कुश्तीबाज़	,,	कुश्तीबाज़	کشتی باز	* मल्लयोद्धा
कुसूर	अ.	कुसूर	قصور	दोष, अपराध
कुसूरवार	अ.	कुसूरवार	قصوروار	अपराधी
कूच	फ़ा. तु.	कूच	کوچ	प्रस्थान, प्रयाण
कूचा	फ़ा.	कूच:	کوچہ	गली
कूजा	फ़ा.	कूज़:	کوزہ	* मटका मिट्‌टी का प्याला)
कैंची	तु.	कैंची	قینچی	कतरनी
कै	अ.	कै	قے	वमन, उल्टी
कैद	अ.	कै़द	قید	कारावास
कैदख़ाना	अ.	कै़दख़ान:	قیدخانہ	कारागार
कैदी	अ.	कै़दी	قیدی	बंदी
कैफीयत	अ.	कैफीयत	کیفیت	समाचार
कोताही	फ़ा.	कोताही	کوتاہی	भूल, न्यूनता
कोफ्त	फ़ा.	कोफ़्त	کوفت	कष्ट, दु:ख
कोफ्ता	फ़ा.	कोफ्त:	کوفتہ	x
कोरमा	तु.	क़ोर्म:	قورمہ	x

कोशिश	फ़ा.	कोशिश	کوشش	प्रयत्न
कोहराम	अ.	कुह्राम	کہرام	विलाप, हाहाकार
कौहनूर	फ़ा.	कोहनूर	کوہ نور	x
कौम	अ.	क़ौम	قوم	जाति, वंश
कौमी	अ.	क़ौमी	قومی	जातीय, राष्ट्रीय
कौल	अ.	क़ौल	قول	वचन, प्रण

ख- ख़- خ

खंजर	अ.	ख़ंजर	خنجر	* क्षुरिका, छुरी
खच्चर	तु.	ख़च्चर	خچر	x
खजांची	अ.फ़ा.	ख़ज़ानची	خزانچی	कोषपाल
खजाना	अ.	ख़ज़ानः	خزانہ	निधि कोष
खत	अ.	ख़त	خط	पत्र, चिट्ठी
खतना	अ.	ख़त्नः	ختنہ	x
खतम	अ.	ख़त्म	ختم	समाप्त
खतरा	अ.	ख़तरः	خطرہ	भय, त्रास, डर
खतरनाक	अ. फ़ा.	ख़तरनाक	خطرناک	भयानक
ख़ता	अ.	ख़ता	خطا	अपराध, दोष, त्रुटि
खतावार	अ. फ़ा.	खतावार	خطاوار	अपराधी, दोषी
खफ़ा	अ.	ख़फ़ा	خفا	क्रुद्ध, रूष्ट
खबर	अ.	ख़बर	خبر	सूचना, संदेश, समाचार
खबरदार	अ फ़ा.	ख़बरदार	خبردار	सचेत, सतर्क
खब्ती	अ.	ख़ब्ती	خبطی	* पागल, विकृतबुद्धि
खम	फ़ा.	ख़म	خم	वक्रता, टेढ़ा
खमीर	अ.	ख़मीर	خمیر	x
खयाल	अ.	ख़याल	خیال	विचार, ध्यान, कल्पना
खयाली	"	ख़याली	خیالی	काल्पनिक
खरगोश	फ़ा.	ख़रगोश	خرگوش	शश, शशक
खरबूजा	फ़ा.	ख़रबुज़ः	خربوزہ	x

ख़राद	तु.	ख़राद	خراد	x
खराब	अ़.	ख़राब	خراب	विकृत, दूषित
खराबी	"	ख़राबी	خرابی	* विकृति, दोष
ख़राश	फ़ा.	ख़राश	خراش	छीलन, रगड़
खरीद	फ़ा.	ख़रीद	خرید	मोल
खरीदार	"	ख़रीदार	خریدار	ग्राहक
खरीदारी	फ़ा.	ख़रीदारी	خریداری	क्रय
खरीफ	अ़.	ख़रीफ़	خریف	x
खर्च	फ़ा.	ख़र्च	خرچ	व्यय, उपभोग
ख़लल	अ़.	ख़लल	خلل	विघ्न, बाधा
खलास़	फ़ा.	ख़लास	خلاص	समाप्त
खलासी	तु.	ख़लासी	خلاصی	मुक्ति, छुटकारा
खलिश	फ़ा.	ख़लिश	خلش	चिंता, उलझन, चुभन
खलीफा	अ़.	ख़लीफ़:	خلیفہ	धर्मगुरू, प्रतिनिधि
ख़शख़श	फ़ा.	ख़श्ख़ाश	خشخاش	x
खस	फ़ा.	ख़स	خس	* उसीर
खस्ता	फ़ा.	ख़स्त:	خستہ	* दुर्दशाग्रस्त
खस्ताहाल	फ़ा.अ़.	ख़स्त:हाल	خستہ حال	* दरिद्रता
ख़ाक	फ़ा.	ख़ाक	خاک	धूलि, मिट्‌टी
खाकसार	फ़ा.	ख़ाकसार	خاکسار	विनम्र, विनीत
ख़ाका	फ़ा.	ख़ाक:	خاکہ	रेखाचित्र
ख़ाकी	फ़ा.	ख़ाकी	خاکی	x
खातिर	अ़.	ख़ातिर	خاطر	सम्मान, आदर
ख़ातिरदारी	फ़ा. अ़.	खतिरदारी	خاطرداری	सेवा, सुश्रुषा, सत्कार
खात्मा	अ़.	ख़ातिम:	خاتمہ	अंत, मृत्यु, समाप्ति
खातून	तु.	ख़ातून	خاتون	महिला
खादिमा	अ़.	ख़ादिम:	خادمہ	दासी, परिचारिका
खानकाह	फ़ा.	ख़ानक़ाह	خانقاہ	मठ, आश्रम
ख़ा:नखाह	तु.फ़ा.	ख़ानख़्वाह	خان خواہ	* मठ

ख़ानगी	फ़ा.	ख़ानगी	خانگی	निजी घरेलू
ख़ानदान	फ़ा.	ख़ानदान	خاندان	वंश, कुल
ख़ानदानी	फ़ा.	ख़ानदानी	خاندانی	कुलीन
ख़ानसामाँ	फ़ा.	ख़ानसामाँ	خانساماں	रसोइया
ख़ाना	फ़ा.	ख़ान:	خانہ	गृह, छेद, घर
ख़ानातलाशी	फ़ा.	ख़ान:तलाशी	خانہ تلاشی	x
ख़ानापूरी	फ़ा.	ख़ान:पूरी	خانہ پوری	क्षतिपूर्ति
ख़ानाबदोश	फ़ा.	ख़ान:बदोश	خانہ بدوش	* संचारजीवी, घुमंतू
ख़ामख़याली	फ़ा.अ.	ख़ामख़्याली	خام خیالی	मूर्खता
ख़ामख़ा	फ़ा.	ख़्वाह्मख़्वाह:	خواہ مخواہ	व्यर्थ
ख़ामी	फ़ा.	ख़ामी	خامی	कच्चापन, त्रुटि
ख़ामोश	फ़ा.	ख़ामोश	خاموش	चुप, शांत
ख़ामोशी	फ़ा.	ख़ामोशी	خاموشی	शांति, चुप्पी
ख़ार	फ़ा.	ख़ार	خار	कांटा, कंटक, वैर
ख़ारिज	अ.	ख़ारिज	خارج	अस्वीकृत, बहिष्कृत
ख़ाला	अ.	ख़ाल:	خالہ	मौसी
ख़ालिस	अ.	ख़ालिस	خالص	शुद्ध
ख़ाली	अ.	ख़ाली	خالی	रिक्त
ख़ाविंद	फ़ा.	ख़ाविन्द	خاوند	स्वामी, पति
ख़ास	अ.	ख़ास	خاص	विशेष, प्रधान, मुख्य
ख़ासमख़ास	अ.	ख़ासमख़ास	خاصم خواص	विशिष्ट
ख़ासियत	अ.	ख़ासियत	خاصیت	विशेषत:
ख़ासोआम	अ.	ख़ासोआम	خاص و عام	सर्वसाधारण
ख़िज़ाब	अ.	ख़िज़ाब	خضاب	x
ख़िताब	अ.	ख़िताब	خطاب	उपाधि
ख़िदमत	अ.	ख़िदमत	خدمت	सेवा, शुश्रूषा
ख़िदमतगार	फ़ा.	ख़िदमतगार	خدمت گار	सेवक
ख़िलाफ़	अ.	ख़िलाफ़	خلاف	विरूद्ध प्रतिकूल

ख़िलाफ़त	अ.	ख़िलाफ़त	خلافت	विरोध, प्रतिरोध
खुद	फ़ा.	खुद	خود	स्वयं
खुदकशी	फ़ा.	खुदकुशी	خودکشی	आत्महत्या
खुदगरज	फ़ा. अ.	खुदग़र्ज	خودغرض	स्वार्थी
खुदग़रजी	फ़ा. अ.	खुदग़रजी	خودغرضی	स्वार्थपरता, स्वार्थसाधन
खुदबखुद	फ़ा.	खुदबखुद	خودبخود	स्वतः
खुदा	फ़ा.	खुदा	خدا	परमात्मा, ईश्वर
खुदाई	फ़ा.	खुदाई	خدائی	जगत, सृष्टि, ईश्वरीय
खुदादाद	फ़ा.	खुदादाद	خداداد	ईश्वरदत्त
खुदानखास्ता	फ़ा.	खुदा न ख्वास्त	خدانخواست	x
खुदापरस्त	फ़ा.	खुदा परस्त	خداپرست	आस्तिक, सत्यनिष्ठ
खुदावंद	फ़ा.	खुदावंद	خداوند	ईश्वर, स्वामी
खुदाया	फ़ा.	खुदाया	خدایا	हे ईश्वर!
खुदाहाफिज	फ़ा. अ.	खुदाहाफ़िज	خداحافظ	x
खुदी	फ़ा.	खुदी	خدی	अहंकार, अहंभाव
खुफिया	अ.	खुफीयः	خفیہ	गुप्तचर
खुमार	,,	खुमार	خمار	उन्माद
खुमारी	अ.	खुमारी	خماری	* मद, नशा
खुरदा	फ़ा.	खुर्दः	خردہ	छुट्टा, खुले
खुरमा	फ़ा.	खुर्मा	خرمہ	पुआ, छुहारा
खुराक	फ़ा.	खुराक	خوراک	खाद्य, आहार
खुराफात	अ.	खुराफात	خرافات	दुष्टता, धूर्तता
खुर्दबीन	फ़ा.	खुर्दबीन	خردبین	सूक्ष्मदर्शक
खुलासा	अ.	खुलासः	خلاصہ	सार, स्पष्ट
खुश	फ़ा.	खुश	خوش	प्रसन्न, आनन्दित
खुशकिस्मत	फ़ा. अ.	खुशक़िस्मत	خوش قسمت	सौभाग्यशाली
खुशखत	फ़ा.	खुशख़त	خوشخط	सुलेख
खुशखबरी	फ़ा. अ.	खुशख़बरी	خوشخبری	शुभसमाचार
खुशदिल	फ़ा. अ.	खुशदिल	خوش دل	प्रसन्नचित

खुशनसीब	फ़ा. अ.	खुशनसीब	خوش نصیب	सौभाग्यशाली
खुशनुमा	फ़ा.	खुशनुमा	خوش نما	मनोरम, सुन्दर
खुशफहमी	फ़ा. अ.	खुशफहमी	خوش فہمی	* सुधारणा
खुशबू	फ़ा.	खुशबू	خوشبو	सुगंध
खुशबूदार	फ़ा.	खुशबूदार	خوشبودار	सगुंधित
खुशमिजाज	फ़ा. अ.	खुशमिज़ाज	خوش مزاج	प्रसन्नचित
खुशहाल	फ़ा. अ.	खुशहाल	خوشحال	संपन्न, समृद्ध
खुशहाली	फ़ा. अ.	खुशहाली	خوش حالی	संपन्नता
खुशामद	फ़ा.	खुशामद	خوشامد	चाटुकारिता
खुशामदपसंद	फ़ा.	खुशामदपसंद	خوشامدپسند	x
खुशामदी	फ़ा.	खुशामदी	خوشامدی	चाटुकार
खुशी	फ़ा.	खुशी	خوشی	आनन्द, हर्ष
खुश्क	"	खुश्क	خشک	शुष्क, नीरस
खुश्की	"	खुश्की	خشکی	* शुष्कता
खुसूसन	अ़०	खुसूसन	خصوصاً	मुख्यत:, विशेषत:
खुसूसीयत	"	खुसूसीयत	خصوصیت	विशेषता, विशिष्टता
खूँखार	फ़ा०	खूँख्वार	خونخوار	* रक्तपायी, निर्दय
खूँरेज	,,	खूँरेज़	خوں ریز	हिसंक
खून	,,	खून, खूँ	خون	रक्त, हत्या
खूनखरम्बा	फ़ा० अ.	खूनख़राब:	خون خرابہ	रक्तपात
खूनी	फ़ा०	खूनी	خونی	हत्यारा
खूब	फ़ा०	खूब	خوب	बहुत, सुन्दर
खूबसूरत	फ़ा० अ.	खूबसूरत	خوبصورت	सुन्दर, रूपवान
खूबसूरती	फ़ा० अ.	खूबसूरती	خوبصورتی	सौन्दर्य
खूबानी	फ़ा०	खूबानी	خوبانی	x
खूबी	,,	खूबी	خوبی	गुण, विशेषता
खेमा	अ.	खे़म:	خیمہ	डेरा
खैर	,,	ख़ैर	خیر	अस्तु, कुशल
खैरखाह	,,	ख़ैरख़्वाह	خیرخواہ	शुभचिन्तक

ख़ैरात	अं.	ख़ैरात	خیرات	दान
ख़ैराती	,,	ख़ैराती	خیراتی	धर्मदा
ख़ैरियत	,,	ख़ैरियत	خیریت	कुशलमंगल
खोल	फ़ा०	ख़ोल	خول	* वेटन
खौफ	अ.	ख़ौफ़	خوف	भय, त्रास, डर
ख़ौफ़नाक	फ़ा०	ख़ौफ़नाक	خوفناک	भीषण, भयंकर, डरावना
ख्वाब	,,	ख़्वाब	خواب	स्वप्न
ख्वाहिश:	,,	ख़्वाहिश	خواہش	इच्छा, चाह

ग- ग़. غ

गंज	फ़ा०	गंज	گنج	मंडी
गंद	,,	गंद	گند	दुर्गन्ध
गंदगी	,,	गंदगी	گندگی	* मलिनता, मल
गंदा	,,	गन्द:	گنده	मलिन, मैला
गंदुमी	,,	गंदुमी	گندمی	गेहुँआ
गज़	,,	गज़	گز	x
गज़क	,,	गज़क	گزک	x
गज़ब	अ.	ग़ज़ब	غضب	* प्रकोप, आश्चर्य
ग़ज़ल	,,	ग़ज़ल	غزل	x
गदर	,,	ग़द्र	غدر	विप्लव विद्रोह
गद्दार	,,	ग़द्दार	غدّار	कृतघ्न, विश्वासघाती
गद्दारी	,,	ग़द्दारी	غدّاری	* कृतघ्नता, विश्वासघात
गनीमत	,, तुं.२	ग़नीमत	غنیمت	x
गप	फ़ा०	ग़प	غپ	x
गपबाज	,,	ग़पबाज़	گپ باز	x
गफलत	अ.	ग़फ़लत	غفلت	असावधानी
गबन	,,	ग़बन	غبن	x
गम़	,,	ग़म	غم	शोक, दुख
गमगीन	अ. फ़ा०	ग़मगीन	غمگین	दुखी संतप्त

गमजदा	अ. फा.	ग़मज़द:	غمزده	शोकग्रस्त
गमेदिल	अ. फा.	ग़मेदिल	غمِ دل	* मनस्ताप
गर	फ़ा०	गर	گر	यदि
गरज	अ.	ग़रज़	غرض	स्वार्थ, आवश्यकता
गरजमंद	अ. फा.	ग़रज़मंद	غرض مند	* स्वार्थी, स्वार्थपरायण
गजरमंदी	अ.फ़ा०	ग़रज़मंदी	غرض مندی	* स्वार्थ परायणता
गरारा	फ़ा०	ग़रार:	غراره	* आचमन
गरीब	अ.	ग़रीब	غریب	असहाय, निर्धन
गरीबखाना	अ.फ़ा	ग़रीबखान:	غریب خانہ	x
गरीबपखर	अ.फ़ा०	ग़रीबपखर	غریب پرور	दीनवत्सल
गरीबी	अ.	ग़रीबी	غریبی	निर्धनता, कंगाली
गर्क	,,	ग़र्क	غرق	* निमग्न, निमज्जन
गर्द	फ़ा०	गर्द	گرد	धूलि, रज
गर्दन	,,	गर्दन	گردن	* ग्रीवा
गर्दिश	फ़ा०	गर्दिश	گردش	* दुर्भाग्य, विपत्ति
गर्म	,,	गर्म	گرم	तप्त, उष्ण
गर्मजोशी	,,	गर्मजोशी	گرم جوشی	तपाक
गर्म दिमाग	फ़ा०अं.	गर्ममिज़ाज	گرم مزاج	क्रोधी
गर्मागर्मी	फ़ा०	गर्मागर्मी	گرماگرمی	वाद विवाद
गर्मी	,,	गर्मी	گرمی	उष्णता
गलत	अ.	ग़लत	غلط	अशुद्ध
गलतफहमी	,,	ग़लतफ़हमी	غلط فہمی	भ्रम
गलती	,,	ग़ल्ती	غلطی	अशुद्ध, त्रुटि
गलीचा	तु.	गलीच:	غلیچہ	x
गलीज	अ.	ग़लीज़	غلیظ	* मल, विष्ठा, मलिन
गल्ला	,,	ग़ल्ल:	غلہ	अन्न, धान्य
गवारा	फ़ा०	गवार:	گواره	सह्य
गवाह	अ.	गवाह	گواه	साक्षी
गवाही	फ़ा०	गवाही	گواہی	साक्ष्य

गश	फ़ा०	ग़श	غش	मूर्छा
गश्त	,,	गश्त	گشت	x
गश्ती	,,	गश्ती	گشتی	* परिपत्र
गाफिल	अ.	ग़ाफ़िल	غافل	असावधान, आलसी
गारत	,,	ग़ारत	غارت	विध्वस्त, नष्ट
गालिबन	,,	ग़ालिबन	غالباً	संभवत: कदाचित
गायब	अ.	ग़ायब	غایب	लुप्त, अदृश्य
गाहेबगाहे	फ़ा०	गाहे ब गाहे	گاہبگاہ	कभी-कभी
गिजा	,,	ग़िज़:	غزہ	भोजन, अन्न
गिरदावर	फ़ा०	गिर्दावर	گرداور	x
गिरफ्त	अ.	गिरफ़्त	گرفت	पकड़, जकड़
गिरफ़्तार	फ़ा०	गिरफ़्तार	گرفتار	बंदी
गिरफ़्तारी	,,	गिरफ़्तारी	گرفتاری	x
गिरवी	,,	गिरवी	گروی	बंधक
गिरह	,,	गिरह	گرہ	गांठ, उलझन,जेब
गिरबान	,,	गिरेबान, बाँ	گریبان	ग्रीवा, गला?
गिरानी	फ़ा०	गिरानी	گرانی	महँगाई
गिरोह	,,	गिरोह	گروہ	दल, झुंड, जत्था
गिर्द	,,	गिर्द	گرد	घेरा, आसपास
गिला	,,	गिल:	گلہ	* उलाहना
गिलाजत	अ.	ग़िलाज़त	غلاظت	मलिनता
गिलाफ	,,	ग़िलाफ़	غلاف	खोल
गुंजाइश	फ़ा०	गुंजाइश	گنجائش	संभावना
गुंबद	,,	गुंबद	گنبد	शिखर
गुजर	,,	गुज़र	گزر	निर्वाह, जीविका
गुजारा	,,	गुज़ार:	گزارہ	निर्वाह
गुजारिश	,,	गुज्ज़ारिश	گزارش	प्रार्थना, निवेदन
गुजिश्ता	,,	गुजश्त:	گزشتہ	अतीत, व्यक्त
गुनाह	,,	गुनाह	گناہ	पाप

गुनाहगार	फां.	गुनहगार	گنہگار	पापी, दोषी
गुफ्तगू	,,	गुफ्तगू	گفتگو	बातचीत, वार्तालाप
गुबार	अ.	गुबार	غبار	धूल, रज
गुब्बारा	फ़ा०	गुब्बार:	غبارہ	x
गुम	,,	गुम	گم	खोना
गुमजदा	,,	गुमज़द:	گم زدہ	पथभ्रष्ट, कदाचारी
गुमनाम	,,	गुमनाम	گم نام	अज्ञात
गुमराह	,,	गुमराह	گمراہ	पथभ्रष्ट
गुमशुदा	,,	गुमशुद:	گم شدہ	x
गुमान	,,	गुमान	گمان	शंका, कुधारण, गर्व
गुमाश्ता	,,	गुमाश्त:	گماشتہ	मुनीम
गुरदा	,,	गुर्द:	گردہ	तिल्ली, साहस
गुरुर	,,	गुरुर	غرور	अंहकारी, घमंडी
गुरेज	,,	गुरेज़	گریز	बचाव, उपेक्षा
गुल	,,	गुल	گل	पुष्प, सुमन
गुलकंद	,,	गुलक़ंद	گل قند	x
गुलजार	,,	गुलज़ार	گلزار	' उद्यान, वाटिका, पुष्पित
गुलदस्ता	फ़ा.	गुलदस्त:	گلدستہ	पुष्प स्तवक
गुलनार	,,	गुलनार	گلنار	x
गुलफाम	,,	गुलफ़ाम, फाँ	گلفام	कोमल, सुकुमार
गुलरोगन	,,	गुलरोग़न	گلروغن	* पुष्पतेल
गुलबदन	,,	गुलबदन	گلبدن	x
गुलशन	,,	गुलशन	گلشن	उद्यान, वाटिका
गुलाब	,,	गुलाब	گلاب	x
गुलाबजामुन	,,	गुलाबजामुन	گلاب جامن	x
गुलाबी	,,	गुलाबी	گلابی	x
गुलाम	,,	गुलाम	غلام	दास
गुलामी	,,	गुलामी	غلامی	दासता
गुलाल	,,	गुलाल	گلال	* पुष्प चूर्ण

गुलिस्तान	,,	गुलिस्तान, ताँ	گلستان	बाग, उद्यान
गुलूबंद	,,	गुलूबंद	گلوبند	x
गुलेल	,,	गुलेल	غلیل	x
गुसल	अ़.	गुसुल	غسل	नहाना, स्नान
गुसलखाना	फ़ा.	गुसुलख़ान:	غسلخانہ	स्नानघर
गुस्ताख	,,	गुस्ताख़	گستاخ	अशिष्ट
गुस्ताखी	,,	गुस्ताखी	گستاخی	अशिष्टता
गुस्सा	अ़.	गुस्स:	غصّہ	क्रोध,रोष
गुस्सावर	,,	गुस्स:वर	غصّہ ور	क्रोधी
गुस्सैल	,,	गुस्सैल	غصیل	क्रोधी
गूदा	तु.	गूद:	گودہ	शरीर, देह
गेसू	फ़ा.	गेसू	گیسو	केश, अलक
गैब	अ़.	ग़ैब	غیب	लुप्त, अदृश्य, दैवी
गैर	,,	ग़ैर	غیر	अन्य, पराया
गैर कानूनी	अ़.	ग़ैरकानूनी	غیرقانونی	अवैध
गैर जरूरी	,,	ग़ैरज़रूरी	غیرضروری	अनावश्यक
गैरजिम्मेदार	,,	ग़ैरज़िम्मेदार	غیرذمیدار	दायित्वहीन, अनुउत्तरदायी
गैरत	,,	ग़ैरत	غیرت	लज्जा, स्वाभिमान
गैरतदार	अ़. फ़ा.	ग़ैरतदार	غیرتدار	स्वाभिमानी
गैरतमंद	,,	ग़ैरतमंद	غیرتمند	स्वाभिमानी
गैरमामूली	अ़.	ग़ैरमामूली	غیرمعمولی	असाधारण, महत्वपूर्ण
गैरमुनासिब	,,	ग़ैरमुनासिब	غیرمناسب	अनुचित
गैरमौजूदगी	अ़. फ़ा.	ग़ैरमौजूदगी	غیرموجودگی	अनुपस्थिति
गैरवाजिब	अ़.	ग़ैरवाजिब	غیرواجب	अनुचित
गैरहाजिर	,,	ग़ैरहाज़िर	غیرحاضر	अनुपस्थित
गैर हाजिरी	,,	ग़ैरहाज़िरी	غیرحاضری	अनुपस्थिति
गो	फ़ा.	गो	گو	यद्यपि
गोकि	,,	गोकि	گوکہ	यद्यपि
गोता	अ़.	ग़ोत़:	غوطہ	डुबकी

गोताख़ोर	अं.	ग़ोत:ख़ोर	غوطہ خور	तैराक
गोया	फ़ा.	गोया	گویا	मानो
गोलंदाज	,,	गोल: अंदाज़	گولہ انداز	x
गोला	,,	गोल:	گولہ	x
गोलाबारी	,,	गोल:बारी	گولہ باری	x
गोशा	,,	गोश:	گوشہ	घूँघट
गोश्त	,,	गोश्त	گوشت	माँस
गौर	,,	ग़ौर	غور	विचार, ध्यान
गौरतलब	अ.	ग़ौरतलब	غورطلب	विचारणीय

च- چ

चंग	फ़ा.	चंग	چنگ	x
चंगुल	,,	चंगुल	چنگل	पंजा
चंद	,,	चंद	چند	थोड़े,कतिपय
चंदन	फ़ा.	चंदन	چندن	x
चंदा	,,	चंद:	چندہ	x
चकबंदी	,,	चकबंदी	چکبندی	x
चकमक	तु.	चक़्मांक़	چقماق	x
चकला	तु.	चक्ल:	چکلہ	वेश्यालय
चखचख	फ़ा.	चखचख	چخ چخ	कलह, कहासुनी, झगड़ा
चनार	,,	चनार	چنار	x
चपत	,,	चपत	چپت	थप्पड़
चपरास	,,	चपरास	چپراس	x
चपरासी	,,	चपरासी	چپراسی	x
चपाती	,,	चपाती	چپاتی	फुल्का
चबूतरा	,,	चबूतर:	چبوترہ	* आंगन
चमचा	तु.	चमच:	چمچہ	x
चमन	फ़ा.	चमन	چمن	उद्यान
चरबी	,,	चर्बी	چربی	वसा

चरस	फ़ा.	चरस	چرس	x
चराग	,,	चराग़	چراغ	दीपक, दीया
चरागदान	,,	चराग़दान	چراغدان	* दीपाधार
चरागाँ	,,	चराग़ाँ	چراغاں	दीपावली
चरागाह	फ़ा.	चरागाह	چراگاہ	* गोचर
चर्खा	,,	चर्ख़:	چرخہ	x
चर्खी	,,	चर्ख़ी	چرخی	x
चश्म	,,	चश्म	چشم	आँख,चमन
चश्मदीद	,,	चश्मदीद	چشمدید	प्रत्यक्षदर्शी
चश्मा	फ़ा.	चश्म:	چشمہ	उपचक्षु, सरिता, कुंड
चश्मेबददूर	,,	चश्मेबददूर	چشم بددور	x
चस्पाँ	,,	चस्पाँ	چسپاں	* चरितार्थ
चाक	,,	चाक	چاک	विदीर्ण, फटन
चाक-चाक	,,	चाक-चाक	چاک چاک	टुकड़े-टुकड़े, भिन्न-भिन्न
चाकर	,,	चाकर	چاکر	सेवक, दास
चाकरी	,,	चाकरी	چاکری	सेवा, दासता
चाकू	,,	चाकू	چاقو	* छुरिका
चादर	फ़ा.	चादर	چادر	x
चापलूस	,,	चाप्लूस	چاپلوس	चाटुकार
चापलूसी	,,	चाप्लूसी	چاپلوسی	चाटुकारिता
चाबुक	,,	चाबुक	چابک	कोड़ा
चाय	,,	चाय	چائے	x
चायदानी	,,	चायदानी	چائےدانی	x
चारदीवारी	,,	चारदीवारी	چاردیواری	घर, प्राचीर, कोठी
चारपाया	,,	चारपाय:	چارپایہ	पशु
चारा	,,	चार:	چارہ	उपाय
चालबाज	,,	चालबाज	چال باز	धूर्त
चालाक	,,	चालाक	چالاک	निपुण, चतुर, धूर्त
चालाकी	,,	चालाकी	چالاکی	धूर्तता, ठगी, चतुराई

चाश्नी	फ़ां	चाश्नी	چاشنی	x
चिक	तु.	चिक	چک	x
चिकन	फ़ा.	चिकिन	چکن	x
चिराग	,,	चराग़	چراغ	दीपक
चिलम	,,	चिलम	چلم	x
चिलमची	,,	चिलमची	چلمچی	x
चिलमन	,,	चिलमन	چلمن	चिक
चीज़	,,	चीज़	چیز	वस्तु पदार्थ
चीनी	,,	चीनी	چینی	* चीनवासी, * मिट्टी
चुकंदर	,,	चुक़ंदर	چقندر	x
चुगल	तु.	चुग़ल	چغل	* पिशुन
चुगलखोर	अ. तु.	चुग़लखोर	چغل خور	* पिशुन
चुगली	तु.	चुग़ली	چغلی	* पिशुनता
चुनांचे	फ़ा.	चुनांचे:	چنانچہ	अत:, अत:एव
चुनिंदा	,,	चुनिंदा	چنندا	बढ़िया
चुस्त	,,	चुस्त	چست	फुर्तीला, दक्ष
चुस्ती	,,	चुस्ती	چستی	दक्षता, दृढ़ता
चूंकि	,,	चूंकि	چونکہ	क्योंकि
चूज़ा	,,	चूज़:	چوظہ	x
चेचक	तु.	चेचक	چیچک	* शीतलामाता
चेहरा	फ़ा.	चेहर:	چہرہ	मुखाकृति, मुखड़ा
चोगा	तु.	चोग़ा	چوغا	x
चोबदार	फ़ा.	चोबदार	چوبدار	x
चौगान	,,	चौग़ान	چوغان	x

ज-ح ज़ ز ज़ ز जض ज ظ झ ژ

जंग	फ़ा.	जंग	جنگ	युद्ध
जंग	,,	ज़ंग	زنگ	x
जंगजू	,,	जंगजू	جنگ جو	* सैनिक

जंगल	,,	जंगल	جنگل	वन, विपिन
जंगली	,,	जंगली	جنگلی	* असभ्य, अशिष्ट
जंगी	,,	जंगी	جنگی	युद्ध
जंगे-आजादी	,,	जंगे आज़ादी	جنگ آزادی	स्वातन्त्र युद्ध, संग्राम
जंजीर	,,	ज़ंजीर	زنجیر	श्रृंखला, क्रम, साँकल
जईफ	अ.	ज़ईफ	ضعیف	वृदध, निर्बल
जकात	,,	ज़कात	زکات	* दान
